दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
शुभ धनतेरस
वर्ष: 2 | अंक: 332 जयपुर, शुक्रवार, 10 नवंबर, 2023 कार्तिक, कृष्ण पक्ष- द्वादशी-त्रयोदशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

इस धनतेरस कांग्रेस की गृहलक्ष्मी गारंटी घर लाएंगे
कांग्रेस फिर से!
हर घर की महिला प्रमुख को साल में एक बार ₹10,000/- चुनाव जीतने के बाद
अपना नाम मिस्ड कॉल देकर दर्ज कराएं 8587070707
गृह लक्ष्मी गारंटी

जमने लगा चुनावी समर | भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों की सभाओं से गरमाने लगी सियासत

# पीएम ने कांग्रेस, तो सीएम ने भाजपा को घेरा

## तुष्टीकरण ने राजस्थान के गौरव को खतरे में डाल दिया: मोदी

- आतंकियों की हमदर्द कांग्रेस सरकार राजस्थान को तबाह करके मानेगी
- मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा, भाजपा आई तो फंसेंगे बड़े भ्रष्टाचारी

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उसकी तुष्टीकरण की नीति ने राज्य के गौरव को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर बड़े से बड़े भ्रष्टाचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उदयपुर की बलिचा कृषि मंडी में गुरुवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में राजस्थान के लोगों के साथ मानवता को शर्मसार करने वाली वारदातें हो रही हैं। उदयपुर में कन्हैयालाल के साथ आतंकी घटना कांग्रेस सरकार पर बहुत बड़ा दाग है। ऐसी जघन्य वारदात उदयपुर में इसलिए हुई, क्योंकि यहां आतंकियों के साथ सहानुभूति रखने वाली कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति ने राजस्थान की संस्कृति, विरासत और गौरव को खतरे में डाल दिया है। आतंकियों की हमदर्द कांग्रेस सरकार राजस्थान को तबाह करके मानेगी। कांग्रेस सरकार अपराधों को काबू कर पाने में पूरी तरह नकारा साबित हुई है।




### भ्रष्ट मगरमच्छों को भी नहीं छोड़ेंगे

मोदी ने कहा कि इस कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी हैं। हम वादा करते हैं कि जनता को लूटने वाली बड़ी मछली ही नहीं, मगरमच्छों को भी नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस ने राजस्थान के गरीबों, दलितों और वंचितों के लिए कुछ नहीं किया। अब चुनाव आए हैं तो झूठे वादे लेकर आ गई है। कांग्रेस ने फ्री बिजली का वादा किया था, लेकिन इसके बजाय बकाया बिल के नाम पर 10 गुना पैसा वसूल रहे हैं। ये सिर्फ कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी भरने के लिए काम कर रहे हैं। यह कांग्रेस के नेता खुद बोल रहे हैं कि यहां ऐसी लूट मची है कि ऐसा कहीं और नहीं है। राजस्थान में सचिवालय से सोना बरामद हो रहा है। अब यह आलू से बना सोना है या जेब काटकर बना सोना है? यहां के सीएम के नजदीकी अफसर एक साल में दो-दो दर्जन फ्लैट खरीद ले रहे हैं। भाजपा सरकार आई तो हर भ्रष्टाचारी पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहा हूं तो जो जमानत पर घूम रहे हैं, उनका बुखार नहीं उतरता है। वे सुबह-शाम मोदी-मोदी करते रहते हैं। कांग्रेस का एक ही एजेंडा है- राजस्थान को लूटो...अपनी तिजोरी भरो। भ्रष्टाचार कांग्रेस के लिए हवा-पानी की तरह है।

### कांग्रेस वालों डूब मरो

प्रदेश में चुनावी आचार संहिता लागू होने के बाद पीएम मोदी ने अपनी पहली सभा में कहा कि महिला अपराधों की बात करो तो कांग्रेस के मंत्री राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताते हैं। कांग्रेस वालों डूब मरो। कांग्रेस ने राजस्थान की महिलाओं ही नहीं, पुरुषों का भी अपमान किया है, क्योंकि यहां के पुरुष बहन-बेटियों के लिए जान देने वाले हैं। कानून व्यवस्था की यह स्थिति हो गई है कि बहन-बेटियां खेत-खलिहान जाने से डरने लगी हैं। यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा राज में हर बहन-बेटी को सुरक्षित वातावरण मिलेगा।

### पेपर लीक को लेकर घेरा

इसके अलावा पीएम ने कांग्रेस को पेपर लीक को लेकर घेरते हुए कहा कि भाजपा राजस्थान में आई तो युवाओं पारदर्शी तरीके से परीक्षा लेने और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम नवमी और कावड़ यात्रा पर प्रतिबंध लगाया और आतंकी संगठन पीएफआई की रैली निकलने दी।

## भाजपा ED, CBI, IT के दम पर करना चाहती है राज: गहलोत

- इलेक्शन कमीशन की देखरेख में 3-4 हजार लोगों को गाड़ियां रोक किया जा रहा परेशान
- कांग्रेस 36 कौमों की पार्टी, सबको साथ लेकर चलती है

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के दम पर राज करना चाहते है। जहां चुनाव, वहां ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स पहुंच जाती है। बिना गलती बेटों को बुलाया जा रहा है। इन्हीं के नेता झूठे आरोप लगाते हैं। नोटिस दे रहे हैं। नीमकाथाना में गुरुवार को जनसभा को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि केंद्र की सरकार ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के छापे डाल रही है। ये लोग घरों में ईडी घुसा रहे हैं, कांग्रेस के नेताओं के बेटों को तंग कर रहे हैं। कुछ गलती हो बेटों की तो बताओ। चाहे जिसे दिल्ली बुला रहे हैं। वैभव गहलोत को भी दिल्ली बुला लिया। उस पर एक मुकदमा या आरोप नहीं है। इन्हीं की पार्टी भाजपा के लोग झूठे आरोप लगाते हैं, नोटिस देते हैं और फिर बुला लेते हैं। इन्होंने मजाक बना रखा है। यह सब चुनाव के लिए है। उन्होंने दावा किया कि राजस्थान में हमारी सरकार रिपीट होगी, ये चाहे जो कर लें, जनता ने मन बना लिया है।




### हमारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को

सीएम गहलोत ने एक चुनावी जनसभा को कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो वादे किए, उन्हें उसने पूरा किया है। कांग्रेस किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि 36 कौमों की पार्टी है, जिन्हें साथ लेकर ही वह आगे बढ़ती है। राहुल गांधी की सोच थी कि महंगाई, बेरोजगारी, सभी धर्म जातियों के बीच भाईचारा, गरीब-अमीर की खाई कम हो। राजस्थान में सबके लिए 25 लाख रुपए तक का बीमा है। गरीबों के साथ सभी लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाने वाला राजस्थान पहला राज्य है। ओपीएस से कर्मचारी खुश है। गोमाता की असली सेवा हम कर रहे हैं। गायों के लिए अलग से विभाग बनाना है। गहलोत ने कहा कि राज्य के विकास की गति को 10 गुना बढ़ाने के लिए हाल ही में 'विजन-2030 डॉक्यूमेंट' जारी किया गया, जिसके अनुसार आगामी वर्षों में योजनाबद्ध तरीके से काम होंगे।

### निर्वाचन आयोग पर बरसे

इलेक्शन कमीशन पर जमकर बरसते हुए मुख्यमंत्री गहलोत कि इलेक्शन कमीशन की देखरेख में 3-4 हजार लोगों की गाड़ियों को रोक-रोककर पूछताछ की जा रही है। अभी शादी-ब्याह हो रहे हैं। राजस्थान भर में लोग लाखों रुपए लेकर जा रहे हैं। किसानों को भी खेती से इनकम हुई है। इलेक्शन के लिए कहीं मोटा पैसा जा रहा है तो उसे पकड़ो। आम लोगों को क्यों परेशान किया जा रहा है? वह कैसे अपना घर चलाएगा और शादी-ब्याह करेगा।

### कांग्रेस सबको साथ लेकर चलती है

प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर दौरे पर रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस 36 कौमों की पार्टी है और सबको साथ लेकर चलती है। गहलोत ने दावा किया कि गत पांच साल में कांग्रेस सरकार ने राज्य का सर्वांगीण विकास किया हैं। बामनवास के बाटोदा में 'कांग्रेस गारंटी संवाद' कार्यक्रम में गहलोत ने कहा कि हमारी जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर पूरे देश में राजस्थान की सराहना हो रही है।

## जरूरी खबर

### राजस्थान हाई कोर्ट में कार्यवाहक सीजे नियुक्त




**नई दिल्ली।** दिल्ली, गुवाहाटी और राजस्थान हाई कोर्ट के लिए गुरुवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए। विधि मंत्रालय की ओर से जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के मुताबिक, गुवाहाटी उच्च न्यायालय में न्यायाधीश एल. जमीर को इस अदालत का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। जस्टिस मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को राजस्थान हाई कोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वहीं दिल्ली हाई कोर्ट में मनमोहन को कार्यवाहक चीफ जस्टिस नियुक्त किए गए हैं।

## ये भी देखें...

भाजपा के स्टार प्रचारक CBI और ED: खेड़ा
पेज-2

धन तेरस आज, बरसेगा धन
पेज-3

## भाजपा-कांग्रेस कईयों को मनाने में सफल, तो कई बागी अब भी अटल | मनुहार दरकिनार... कई बगावत को तैयार

बेधड़क | जयपुर

टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर चुनाव मैदान में निर्दलीय के रूप में ताल ठोकने से प्रदेश में करीब दो दर्जन से अधिक सीटों पर बागियों ने कांग्रेस व भाजपा की हवा बिगाड़ने को कमर कस ली है। इनमें से अधिकांश वर्तमान या पूर्व विधायक हैं। दोनों पार्टियों ने 40 से अधिक छोटे-बड़े बागियों को मनाकर नाम वापसी कराने में कामयाबी हासिल तो की है। अलबत्ता, अब भी कई बागी दोनों पार्टियों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। सियासी हलकों में चर्चा है कि कांग्रेस की ओर से जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा सहित अन्य ने बागियों को मनाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, भाजपा की ओर से तो जिम्मा प्रदेश नेतृत्व से कहीं आगे बढ़कर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक जा पहुंचा।

**भाजपा में भी कई बागी परेशानी का सबब:** भाजपा झोटवाड़ा में राजपाल की तरह आशु सिंह सुरपुरा नहीं मना पाई। वहीं, डीडवाना से पूर्व मंत्री यूनुस खान अपना नामाकंन पत्र वापस लेने को तैयार नहीं हुए। कमोबेश यही स्थिति लाडपुरा में भवानी सिंह राजावत की रही। शाहपुरा से कैलाश मेघवाल निर्दलीय अड़े हुए हैं। बस्सी से जितेन्द्र मीणा, खंडेला से बंशीधर बाजिया, चित्तौड़गढ़ से चन्द्रभान सिंह आक्या, सांचौर से जीवाराम चौधरी, शिव से रविन्द्र भाटी भाजपा के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

**कांग्रेस के ये बागी गड़बड़ा रहे गणित:** कांग्रेस में देखें तो सरदारशहर से कांग्रेस के नगर परिषद के मौजूद सभापति रामकरण चौधरी अभी निर्दलीय मैदान में डटे हुए हैं। हिंडौन सिटी में पूर्व मंत्री भरोसीलाल जाटव के पुत्र एवं नगर परिषद के सभापति बृजेश यादव बीएसपी प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस के लिए मुश्किलें पैदा कर रहे हैं। यहां कांग्रेस ने अनीता जाटव को टिकट दिया है। उधर, शाहपुरा विधानसभा सीट से पूर्व उपमुख्यमंत्री कमला के पुत्र वर्तमान विधायक आलोक बेनीवाल ने एक बार फिर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक दी है। तो, राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ सीट से पार्टी ने जौहरी लाल मीणा का टिकट काटकर मांगेलाल मीणा को टिकट दे दिया तो जौहरी लाल मीणा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए। मसूदा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व संसदीय सचिव ब्रह्मदेव कुमावत निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में डटे हैं। कमोबेश, नगर व सिवाना में भी ऐसे ही हालात हैं।

## पाकिस्तान के अरमानों की लगी लंका
## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड ने गुरुवार को खेले गए मुकाबले में श्रीलंका को 5 विकेट से रौंद दिया है। इसके साथ ही कीवी टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। न्यूजीलैंड की जीत से पाकिस्तान और अफगानिस्तान की लंका लग गई है यानी इन दोनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के लिए अब तक तीन टीमें भारत, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया पहले ही तय हो चुकी हैं, जबकि चौथी टीम के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी दावेदारी बेहद मजबूत कर ली है। अब यदि पाकिस्तान को पहले चार में एंट्री करनी है, तो उसे इंग्लैंड को 287 रनों के बड़े मार्जिन से हराना होगा।



नकली दूधकांड: सैंपलों में केमिकल प्रूव

# FIR में दो मजदूरों का नाम... पुलिस का संचालकों को अभयदान

**सुलगते सवाल?**


- 4 साल तक पुलिस को 100 मीटर दूर हो रहे अपराध की भनक क्यों नहीं लगी?
- आखिर पुलिस ने संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज क्यों नहीं किया?
- पुलिस और संचालकों के बीच इस कृत्य में मिलीभगत तो नहीं थी?

बेधड़क | जयपुर

मेवात के कैथवाड़ा में कमालिया मिल्क व चिलिंग सेंटर आइस प्लांट में पुलिस थाने से 100 मीटर दूर ही नकली दूध बनाया जा रहा था और पुलिस को तक नहीं लगी। यह बात गले नहीं उतरती।

पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच ने नकली दूध बनाने का भंडाफोड़ तो कर दिया। अलबत्ता, कैथवाड़ा थाना पुलिस ने प्लांट के संचालक और उसके भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज करने की बजाय मजदूर दीवान सिंह व दिलीप को आरोपी बना पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया।

प्लांट का रजिस्ट्रेशन हमीद अहमद के नाम से है, जबकि प्लांट को उसका भाई सबुद्दीन खां और उसका बेटा राहुल चला रहे हैं। इन तीनों के नाम एफआईआर में दर्ज करना भी उचित नहीं समझा गया। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग की जांच में नकली दूध के लिए गए नमूनों में केमिकल होने की पुष्टि हो चुकी है। अब पुलिस मुख्यालय के अफसर भी जवाब देने में टालमटोल करने लगे हैं। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लाजिमी ही हैं।



### रोज 50 हजार लीटर जयपुर डेयरी में सप्लाई

बता दें, पुलिस के बुधवार को मारे गए छापे में फैक्ट्री में प्रतिदिन 50 हजार लीटर नकली दूध बनाने का पता चला। फैक्ट्री के संचालक चार साल से जयपुर डेयरी के ग्राहक कास्टिक सोडा, पाम ऑयल, यूरिया, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, यूरिया और मिल्क पाउडर मिलाकर नकली दूध या कहें सफेद जहर बना रहे थे। यह सफेद जहर दौसा की तीन बीएमसी में रोजाना सप्लाई किया जाता था। यह बीएमसी जयपुर डेयरी के पदाधिकारी है। यहां से यह नकली दूध जयपुर डेयरी में सप्लाई किया जा रहा था।



### जांच में पाए गए हानिकारक केमिकल

पड़ताल में सामने आया कि क्राइम ब्रांच की कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके से दूध के सैंपल लिए थे। रिपोर्ट के अनुसार नमूना संख्या आईडी- RJ 29 GB 1479 RN 1000 में वनस्पति तेल, माल्टोज, स्टार्च, सुक्रोज, ग्लूकोज और कार्बोहाइड्रेट की मिलावट पाई गई। नमूना संख्या आईडी-874 बिवाई में वनस्पति तेल, माल्टोज, स्टार्च, सुक्रोज पानी, अमोनिया और कार्बोहाइड्रेट की मिलावट पाई गई। जबकि नमूना क्रमांक आईडी-929 रालावता में फ्रुकुटोज, डिटर्जेंट, सोर्बिटोल, सुक्रोज, गैलेक्टोज, पानी और कार्बोहाइड्रेट की मिलावट पाई गई है। बीआर वैल्यू, आरएम वैल्यू और फैटी एसिड प्रोफाइल गायब हैं। सभी नमूने मिलावटी पाए गए हैं।

## जरूरी खबर

### वोटर आईडी नहीं फिर भी आप कर सकेंगे मतदान



**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर निर्वाचन फोटो पहचान पत्र नहीं है तो भी वोट कर सकेंगे। जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जो मतदाता निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र- राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक-डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक आदि शामिल हैं।

### सरकारी डॉक्टर को चुनाव लड़ने की मिली अनुमति

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक सरकारी चिकित्सक को 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने और हारने पर फिर से ड्यूटी पर लौटने की अनुमति दे दी है। चिकित्सक दीपक घोघरा (43) भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के टिकट पर डूंगरपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वह बीटीपी के प्रदेश अध्यक्ष वेलाराम घोघरा के बेटे हैं। घोघरा ने कहा कि यह राज्य में पहला ऐसा मामला है जब उच्च न्यायालय ने किसी सरकारी चिकित्सक को चुनाव लड़ने और हारने की स्थिति में फिर से ड्यूटी पर शामिल होने की अनुमति दी है।

### दीपक का धुआंधार दोहरा शतक, ठोके 213 रन



**बेधड़क, जयपुर।** भदोरिया कप अंडर- 14 में दीपक सिंह के धुआंधार दोहरे शतक (213) के बावजूद शिवा क्रिकेट अकादमी जीत हासिल करने में नाकाम रही। राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 7 विकेट खोकर 335 रन बनाए। पुनीत यादव ने सर्वाधिक 110 एवं शिफान खान ने 106 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवा क्रिकेट अकादमी दीपक सिंह के 213 रनों के बावजूद 288 रन ही बना सकी। अनिरुद्ध सिंह ने 5 एवं शिफान खान ने 2 विकेट लिए।

**भाजपा का कुनबा बढ़ा:** कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन, पार्षद प्रत्याशियों ने ग्रहण की सदस्यता

# जोधपुर के पूर्व मेयर, दौसा पूर्व जिला प्रमुख BJP में शामिल

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव 2023 के मतदान से पहले दल-बदल का दौर जारी है। गुरुवार को एक बार फिर भाजपा का कुनबा बढ़ा और कई नेताओं ने भाजपा का दामन थामा।

जयपुर स्थित पार्टी के मीडिया सेंटर पर जोधपुर नगर निगम के पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच और दौसा के पूर्व जिला प्रमुख विनोद शर्मा अपने समर्थकों के साथ भाजपा जॉइन की।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, सांसद राजेंद्र गहलोत और चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया ने सभी को पार्टी का दुपट्टा ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर सदस्यता ग्रहण करवाई।




### सोनिया और प्रियंका की चुप्पी भी शर्मनाक

सांसद दीया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस के सहयोगी दल के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को लेकर जो बेहद निंदनीय बयान दिया है उसको लेकर सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की चुप्पी भी शर्मनाक है। प्रियंका गांधी रणथंबौर में घूमने आती हैं लेकिन राजस्थान की दुष्कर्म पीड़िताओं से मिलने का समय उनके पास नहीं है।

### पार्षद प्रत्याशी रहे देवेन्द्र सहित कई युवा जुड़े

विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से कई नेताओं ने भाजपा की सदस्या ग्रहण की। इनमें से कई ऐसे थे जो निर्दलीय या कांग्रेस के टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं। विधाधर नगर से विष्णु प्रताप, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप संस्था के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने भी अपने समर्थकों सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सांसद एवं विद्याधर नगर विधानसभा प्रत्याशी दीया कुमारी ने सभी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में वार्ड 10 से पार्षद प्रत्याशी रहे देवेन्द्र सिंह निठारवाल, वार्ड 2 से पार्षद प्रत्याशी रहे मनोज चौधरी सहित कैलाश सिंह चौहान, रविन्द्र सिंह चिराणा, दिनेश करण सिंह खंगारोत, शेर सिंह सिंगोद, सुरेन्द्र चौधरी, हिम्मत सिंह छापोली, गज्जू सैनी, एडवोकेट जतिन पारीक, शक्ति सिंह रासबाबरा, गणेश प्रताप सिंह, धनंजय शर्मा, महावीर गोस्वामी, एडवोकेट ओमप्रकाश खींची और अभिषेक सिंह शेखावत ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### कांग्रेस की नीतियों से लोग परेशान: गजेंद्र सिंह

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि कांग्रेस सरकार की विफलताओं और प्रदेश में व्याप्त अराजकता को देखकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस सरकार के जाने का समय आ गया हैं। कांग्रेस की नीतियों से परेशान होकर लोग भाजपा परिवार में शामिल हो रहे हैं। रामेश्वर दाधीच 80 के दशक से सेवादल में मुख्यमंत्री गहलोत के साथी रहे हैं। इन्होंने सीधे नगर निगम चुनावों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी, इनका महापौर कार्यकाल अविस्मरणीय रहा। इन्हें विश्व स्तर पर चीन और फ्रांस में पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

**जिले की 19 सीटों पर 199 उम्मीदवार,** 46 नामांकन वापस


# नाम वापसी का अंतिम दिन कुछ माने कुछ अब भी अड़े


**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में नामांकन वापसी का गुरुवार अंतिम दिन रहा। दोपहर तीन बजे तक कांग्रेस और भाजपा सहित कई पार्टियों ने बागियों से मान मनोव्वल कर नामांकन वापस लेने की कोशिश की। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के कई बागियों ने अपने नाम वापस ले लिए।

गौरतलब हैं कि कांग्रेस ने मुकुल वासनिक को बागी नेताओं से बातचीत के लिए राजस्थान भेजा था लेकिन आखिर में सीएम अशोक गहलोत को मोर्चा संभालना पड़ा। वहीं भाजपा के बागियों को बैठाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फोन कर और अरुण सिंह भी मनाने में जुटे रहे। नाम वापसी के बाद अब जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों पर कुल 199 उम्मीदवार ही चुनावी मैदान में बचे हैं। 6 नवंबर को नामांकन के आखिरी दिन कुल 298 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे। इसमें कुल 55 उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया। आखिरी दिन 19 सीटों पर 46 उम्मीदवार नामांकन वापस लेने पहुंचे।

## ■ कांग्रेस में गहलोत तो BJP में शाह और अरुण सिंह ने की मनुहार





### कांग्रेस ने इन बागियों को मनाया

कांग्रेस नेता गुरुवार को प्रदेशभर में बागियों को मनाने में जुटे रहे। कांग्रेस की ओर से सीएम अशोक गहलोत, मुकुल वासनिक सहित विभिन्न नेताओं के मान मनोव्वल के बाद कई प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिए। कांग्रेस से बागी हुए पिपल्दा से सरोज मीणा, अजमेर दक्षिण से हेमंत भाटी, मसूदा से ब्रह्मदेव कुमावत, फलोदी से कुंभसिंह, सूरतगढ़ से बलराम वर्मा, टोंक से मोहसिन रशीद, हवामहल से गिरीश पारीक, पिलानी से अनुराग जोया, बड़ी सादड़ी से पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी, झालरापाटन से शैलेंद्र यादव, सांगानेर से बसपा प्रत्याशी और बीकानेर में RLP उम्मीदवार ने कांग्रेस के समर्थन में अपना नामांकन वापस लिया। वहीं सूरसागर से रामेश्वर दाधीच ने नाम वापस लिया।

### भाजपा: इन्होंने लिया नामांकन वापस

झोटवाड़ा से राजपाल सिंह शेखावत, भरतपुर से गिरधारी तिवारी, सिविल लाइंस से रणजीत सोडाला, अजमेर उत्तर से सुभाष खंडेलवाल और सुरेन्द्र सिंह शेखावत, सुमेरपुर से मदन राठौड़ ने नाम वापस लिया। वहीं बांसवाड़ा से बागी हकरू मईडा ने भी चुनाव लड़ने का इरादा बदल दिया।

### प्रत्याशियों की संख्या

कोटपूतली में 9, विराटनगर में 11, शाहपुरा में 6, चौमूं में 9, किशनपोल में 8, विद्याधर नगर में 13, सिविल लाइन में 10, आदर्श नगर में 14, सांगानेर में 16 प्रत्याशी, फुलेरा में 8, चाकसू में 5, हवामहल में 10, बगरू में 12, मालवीय नगर में 10, जमवारामगढ़ में 8, बस्सी में 13, आमेर में 15, झोटवाड़ा 18 और दूद में 4 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### झोटवाड़ा: सबसे ज्यादा प्रत्याशी

सबसे ज्यादा प्रत्याशी अब झोटवाड़ा में चुनाव लड़ेंगे, यहां कुल 18 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं, सबसे कम प्रत्याशी दूदू में 4 हैं। हालांकि जब नामांकन पत्र भरे गए थे, तब सबसे ज्यादा प्रत्याशी आदर्श नगर से 31 थे, लेकिन वहां अब 14 ही प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। यहां 8 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए हैं, जबकि 9 प्रत्याशियों के नाम खारिज हो गए थे।

### कांग्रेस के ये बागी मैदान में

- 1. खिलाड़ीलाल बैरवा
- 2. जोहरीलाल मीणा
- 3. रामलाल मेघवाल
- 4. नरेश मीणा
- 5. फतेह खान
- 6. श्रीगोपाल बहेती
- 7. ओम बिश्नोई
- 8. दुर्ग सिंह चौहान
- 9. देवाराम रोत
- 10. हबीब उर रहमान
- 11. करुणा चांडक
- 12. मनोज चौहान
- 13. आलोक बेनीवाल
- 14. सुनिल परिहार
- 15. कैलाश मीणा
- 16. राजकरण चौधरी
- 17. अजीजुद्दीन आजाद
- 18. वीरेन्द्र बेनीवाल
- 19. राकेश बोयत
- 20. रामनिवास गोयल
- 21. महेन्द्र बारजोड
- 22. गोपाल गुर्जर

**कांग्रेस ने मोदी-**शाह को बताया पर्यटक

# CBI और ईडी BJP के स्टार प्रचारक: खेड़ा

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को अजमेर में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस की तरह भाजपा में भी स्टार प्रचारक हैं। भाजपा में ईडी-सीबीआई स्टार प्रचारक हैं, जो समय-समय पर राजस्थान में आती रहती हैं। उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह के प्रदेश दौरे को लेकर कहा कि वह पर्यटक हैं।

खेड़ा ने कहा कि यह प्रदेश इतना खूबसूरत है कि यहां सब आते हैं। इसलिए मोदी-शाह भी पर्यटक हैं उन्हें आने दो। खेड़ा ने कहा कि भाजपा के स्टार प्रचारक सीबीआई और ईडी हैं। जैसे अन्य पार्टियों में प्रचारक है वैसे ही भाजपा ने इन्हें स्टार प्रचारक बना रखा है। खेड़ा ने लाल डायरी पर भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर उसमें हिम्मत है तो वह इसके पन्ने खोलकर दिखाएं।

खेड़ा ने महिला आरक्षण बिल पर भी केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि यह आरक्षण 20 साल में लागू होगा। अगर भाजपा चाहती तो संख्या बल के आधार पर यह बिल अभी पारित कर सकती थी। बीजेपी की नियत सिर्फ ध्यान भटकना था। राम मंदिर निर्माण को लेकर कहा कि इस मामले में हमेशा यह मत था कि अदालत के फैसले के साथ रहेंगे, जो अदालत का निर्णय होगा वह माननीय होगा।

### तरुषा ने लिया नाम वापस




*हवामहल विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार तरुषा पाराशर ने भाजपा के बालमुकुंदाचार्य के पक्ष में गुरुवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। इस दौरान विभिन्न भाजपा नेता मौजूद रहे।*

**राजभवन में मनाया उत्तराखंड दिवस**

# उत्तराखंड सांस्कृतिक दृष्टि से सर्वाधिक संपन्न राज्य: मिश्र

**बेधड़क** | जयपुर

राजभवन में गुरुवार को उत्तराखंड वंदन के साथ हिमालय की संस्कृति को जीवंत करते लोक नृत्य के साथ उत्तराखंड दिवस मनाया गया।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान उत्तराखंड के लोगों से संवाद कर उन्हें उत्तराखंड स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि उत्तराखंड अध्यात्म की संस्कृति का गढ़ प्रदेश ही नहीं है बल्कि यह सांस्कृतिक दृष्टि से भी सर्वाधिक संपन्न राज्य है। उन्होंने कहा कि आरंभ से ही इस प्रदेश से उनका निकट का नाता रहा है, यह तीर्थाटन की पावन धरा है। उन्होंने इस प्रदेश में स्थित गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ आदि पावन स्थलों की चर्चा करते हुए उत्तराखंड के लोगों की खुशहाली, संपन्नता और सुख समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने उत्तराखंड के गांवों, विभिन्न खंडों से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सभी ब्लॉक्स में, जिलों में और एक एक गांव में वह गए हैं। यहां के जन जीवन से वह निकट से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पहाड़ों पर कठिन परिश्रम से जीने वाले पर हर हाल में खुश रहने वालों की भूमि है। उन्होंने कहा कि योग की भारतीय संस्कृति का नाश करने वाला भी आज यह बड़ा प्रदेश है। उन्होंने राजस्थान में रहने वाले उत्तराखंड के राजस्थान निवासियों को प्रदेश के विकास में भी भूमिका निभाने का आह्वान किया।



**आमेर कांग्रेस प्रत्याशी प्रशान्त शर्मा के** कार्यालय का उद्घाटन

# कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ को करें मजबूत: धवन

**बेधड़क** | जयपुर

आमेर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी प्रशान्त शर्मा के राजावास सीकर रोड पर प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी अमृता धवन ने किया।

राष्ट्रीय सचिव अमृता धवन ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रशान्त शर्मा के समर्थन में मेरे पूर्व एनएसयूआई के साथी वर्तमान उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस राकेश मीना, युवा नेता मुकेश शर्मा ने निर्दलीय फार्म भरा। इन्होंने कांग्रेस को समर्थन दिया है जिससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ मैनेजमेंट को मजबूत करें। जो बूथ हमारा कमजोर था उसे मजबूत करने पर हमें ध्यान देना आवश्यक है। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी प्रशान्त शर्मा ने कहा कि आमेर विधानसभा के कार्यकर्ताओं कि ताकत मुझे मजबूती प्रदान करती है। आमेर मेरा परिवार है आमेर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। पार्टी कार्यकर्ताओं को मजबूती के साथ चुनाव में जुट जाना चाहिए। इस बार आमेर में कांग्रेस को विजयी बनाना है। इस मौके पर पूर्व विधायक नवीन पिलानिया, पीसीसी महासचिव उप जिला प्रमुख मोहन डागर, जिला प्रभारी आरसी चौधरी, पीसीसी सचिव महेश शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस मौके पर विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, पीसीसी महासचिव प्रतिष्ठा यादव, सचिव पीसीसी राजेश चौधरी, पूर्व पार्षद सीएम शर्मा, हरियाणा ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा सहित हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**चिदंबरम का केंद्र की मोदी सरकार पर हमला**

# जांच एजेंसियों की 95-97 फीसदी कार्रवाई केवल विपक्षी पार्टियों पर

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम गुरुवार को जयपुर पहुंचे। इस दौरान प्रेस वार्ता का संबोधित करते हुए चिदंबरम ने का केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला और ईडी व आईटी की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए।

चिदंबरम ने कहा कि राजस्थान में अगली सरकार किसकी होगी यह यहां के 5.2 करोड़ मतदाता तय करेंगे, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार कुछ मुट्ठीभर चेहराविहीन लोगों के दम पर इस अधिकार को प्रभावित करना चाहती है। जिसमें ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई शामिल हैं। केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ईडी व आईटी के दम पर घिनौनी हरकत कर रही है और यह राजस्थान में सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है।

उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर चुनाव में केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। भाजपा के 305 सांसद हैं। देशभर में भाजपा के 1,360 विधायक हैं। उनकी सरकार है और मंत्री भी हैं। इसके बावजूद 95-97 फीसदी जांच एजेंसियों की कार्रवाई केवल विपक्षी पार्टियों पर ही होती है। भाजपा को केवल सीबीआई है और एक प्रवर्तन निदेशालय पर ही भरोसा है।



### आर्थिक नीतियों पर खड़े किए सवाल

चिदंबरम ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की पांच साल की उपलब्धियां और जनता के लिए करवाए गए विकास कार्यों बारे में बताया और केंद्र की भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल खड़े किए। चिदंबरम ने कह कि मैं गुजारिश करता हूं कि आप उसी पार्टी का चयन करें, जो आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं के हक का सम्मान करे और सभी धर्मों, भाषा का सम्मान करने के साथ ही मीडिया की स्वतंत्रता का भी सम्मान करें। कांग्रेस सरकार ने पांच साल लोगों के लिए काम किया है और अगले पांच साल के लिए सात गारंटियां देकर अपना विजन पेश किया हैं। वहीं चिदंबरम ने पीएम मोदी की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सत्ता में यूपीए का शासन था, तब देश के आर्थिक विकास की दर 7.5 फीसदी थी। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली भाजपा सरकार के पिछले 9 साल के शासन में यह आंकड़ा 5.7 फीसदी रह गया हैं। कहने को यह अंतर 1.8 फीसदी का ही है, लेकिन इसका परिणाम बहुत गंभीर सामने आया है।

### जांच एजेंसियों पर आरोप लगाना कांग्रेस नेताओं की आदत: राठौड़



राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद पी. चिदंबरम के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि चिदंबरम आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं के हकों की बात कह रहे हैं लेकिन उन्हें पता नहीं है कि राजस्थान में ही कांग्रेस सरकार के शासनकाल में सबसे ज्यादा दलित अत्याचार के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि ईडी, आयकर और सीबीआई पर आरोप लगाना कांग्रेस नेताओं की आदत हो गई है जबकि वे जानते है कि ये एजेंसियां बिना जांच और सबूतों के किसी पर भी कार्रवाई नहीं करती हैं। आखिरकार कांग्रेस के ये नेता इन जांच एजेंसियों से इतना डर क्यों रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि पी. चिदंबरम ने कहा है कि किसानों का कृषि ऋण माफ किया गया है जबकि हकीकत यह है कि राजस्थान में 19 हजार से अधिक किसानों की जमीन नीलाम कर दी गई है और कर्ज से तंग आकर राजस्थान में 16 से अधिक किसानों ने आत्महत्या कर ली है। 100 यूनिट बिजली का माफी के नाम पर जनता के साथ धोखा किया गया है। अब यहां घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल बढ़कर आने लगे हैं। केन्द्रीय मंत्री मनरेगा के तहत 125 दिन का रोजगार दिए जाने की बात कह रहे हैं लेकिन यह नहीं बता रहे कि इस योजना में कितने बेरोजगारों को रोजगार दिया है।

## छह दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ, परकोटे में यातायात की विशेष व्यवस्था

# धन तेरस आज, बरसेगा धन

**बेधड़क.जयपुर।** खुशी और उमंग से भरपूर छह दिवसीय दीपोत्सव पर्व का आगाज शुक्रवार से होगा। इससे पूर्व शहर के बाजारों में गुरुवार को व्यापार मंडलों ने रोशनी का स्विच ऑन किया तो पूरा शहर रोशनी में नहा गया। शुक्रवार को धनतेरस पर्व पर बाजारों में जमकर खरीदारी होगी। लोग इस अबूझ मुहूर्त पर प्रॉपटी, नए वाहन, इलेक्टोनिक आइटम, सोना-चांदी और बर्तन अपने घर पर लाएंगे। एक अनुमान के मुताबिक शहर में करीब दो हजार करोड़ से अधिक की खरीदारी होगी। कम्पनियों की ओर से भी लोगों को लुभाने के लिए बाजारों में आकर्षक योजनाएं लाई गई हैं। सबसे ज्यादा व्यापार की उम्मीद रीयल स्टेट और ऑटो जगत को है।



फोटो: पंकज शर्मा



### चांदपोल में देव दर्शन, छोटी चौपड़ पर समुद्र मंथन की झांकी

दीपोत्सव के अवसर पर परकोटे के बाजारों में इस बार देव दर्शन की थीम पर सजावट की गई है। शहर के चांदपोल बाजार, छोटी चौपड़, चौड़ा रास्ता, जोहरी बाजार, बापू बाजार में चांद-तारे जमीं पर उतारे गए हैं। वहीं, शहर के बाहरी इलाके-मानसरोवर, मालवीय नगर, महेश नगर, गोपालपुरा, सांगानेर और वैशाली नबर में भी सजावटी गेट बनाए गए हैं। चांदपोल बाजार में इस बार देव दर्शन की झांकी सजाई है। छोटी चौपड़ पर समुद्र मंथन की झांकी सजाई गई है।

### बेस्ट लोकेशन पर प्रॉपर्टी स्कीम

रीयल स्टेट से जुड़े व्यापारियों के अनुसार इस बार शहर में बेस्ट लोकेशन पर प्रॉपर्टी स्कीम आई हैं। ऐसे में पिछले दिनों हुई इन्क्वायरी के मुताबिक लोग धनतेरस पर अपने लिए आशियाना बुक कराएंगे। वहीं, बाजारों में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। जिन इलाकों में भीड़ का दबाव ज्यादा रहेगा, वहां पर यातायात के विशेष प्रबंध किए है। यातायात को डायवर्ट भी किया जाएगा।

### चांदी की खरीदारी शुभ

शास्त्रों के अनुसार धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में खरीदारी अच्छी मानी जाती है। पंचांग के अनुसार धनतेरस के दिन दोपहर 12:35 बजे से 11 नवंबर की सुबह तक खरीदारी का शुभ मुहूर्त है। धनतेरस पर पूजा का शुभ मुहूर्त शुक्रवार शाम 5:47 बजे से शाम 7:47 बजे तक रहेगा। ज्योतिषाचार्य पंडित युगल किशोर शर्मा ने बताया कि धनतेरस पर बर्तन और सोने-चांदी के अलावा वाहन, जमीन-जायदाद के सौदे और घर में काम आने वाली अन्य चीजों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि धनतेरस के दिन खरीदी गई चल-अचल संपत्ति में तेरह गुणा वृद्धि होती है।



फोटो: राजेश कुमावत

### ट्रैफिक का नया प्लान, ताकि नहीं लगे जाम

छह दिवसीय दीपोत्सव के अवसर पर मुख्य बाजारों और मार्गों पर ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव रहेगा। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किए हैं। बदलाव के अनुसार शुक्रवार सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक तक सिटी/ मिनी बसों का संजय सर्किल, अजमेरी गेट, सांगानेरी गेट, घाटगेट, गलता गेट, धोबी घाट व रामगढ़ मोड़ से परकोटे में प्रवेश बंद रहेगा। इन्हें आवश्यकतानुसार समानांतर मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। इसके अलावा शुक्रवार को किसी भी प्रकार के लोडिंग वाहनों का परकोटा, संसार चन्द्र रोड, एम.आई रोड, अशोका मार्ग, यादगार तिराहा से रामबाग चौराहा, एम.डी रोड पर प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा। एमआई रोड, अशोका मार्ग पर संचालित वन-वे को रात 11:00 बजे तक लागू किया जा सकता है। इसके साथ ही परकोटे के बाजारों में मुख्य मार्गों पर वाहनों की पार्किंग बंद रहेगी और बापू बाजार, नेहरू बाजार और इंदिरा बाजार में चौपहिया वाहनों के लिए नो व्हीकल जोन रहेगा।

### महासंघ के पूर्व पदाधिकारी बोले...

## घोषणा पत्र में युवाओं को दूर रखा तो बहिष्कार




**बेधड़क | जयपुर**

बेरोजगार महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव के भाजपा में चले जाने का यह अर्थ नहीं है कि प्रदेश के बेरोजगार भाजपा के समर्थन में हैं। चौधरी ने कहा कि प्रदेश के लाखों बेरोजगार किसी राजनीतिक पार्टी के साथ नहीं हैं। मतदान के दौरान वे अपना निर्णय घोषणा पत्र के आधार पर स्वविवेक से लेंगे। यह विचार बेरोजगार एकीकृत महासंघ के पूर्व पदाधिकारियों हनुमान किसान, हनुमान चौधरी, धनराज सहित अन्य ने प्रेस वार्ता में व्यक्त किए। हनुमान किसान ने कहा कि प्रदेश के युवा भाजपा और कांग्रेस दोनों सरकारों के कामकाज की तुलना करेंगे और इसके बाद स्वयं मतदान का निर्णय करेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष के प्रारंभ में ही रिक्त पदों पर भर्ती विज्ञापनों की जानकारी, विज्ञापन जारी होने के साथ ही परीक्षा का सिलेबस, परीक्षा की तिथि, परीक्षा परिणाम की संभावित तिथि को शामिल करते हुए वार्षिक कैलेंडर जारी करने, भर्तियों से संबंधित सूचनाओं व उचित समस्याओं के लिए 181 की तर्ज पर एक टोल फ्री नंबर जारी करने, शिकायत निवारण को लेकर एक वेबसाइट/ पोर्टल जारी करने, पार्टियों द्वारा अपना घोषणा पत्र युवा बेरोजगारों के भविष्य को केंद्र में रखकर तैयार करने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि अगर पार्टियों ने घोषणा पत्र में युवाओं को दूर रखा तो उनका बहिष्कार किया जायेगा

## नहीं बेच सकेंगे अवैध पटाखे



**बेधड़क | जयपुर**

हेरिटेज नगर निगम दिवाली पर अवैध पटाखों की बिक्री रोकने के लिए 50 फायरकर्मी तैनात करेगा। साथ ही आकस्मिक आग की घटना से बचाव के लिए 23 अग्निशमन वाहन मय आवश्यक उपकरणों और बचाव दल के साथ तैयार रहेंगे। आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत के निर्देश पर अतिरिक्त आयुक्त मुख्यालय ने समीक्षा बैठक की। बैठक में हेरिटेज निगम के सभी अधिकारी और जोन उपायुक्त मौजूद रहे। अतिरिक्त आयुक्त करतार सिंह ने दिवाली पर रोशनी, साफ-सफाई और अग्निशमन दलों की तैनाती की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि दीवाली के दौरान शहर की साफ-सफाई बेहतर रखी जाए। उन्होंने मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेन्द्र मीणा को दीवाली के दौरान धन तेरस से भैया दूज तक सात थानों पर अग्निशमन वाहन तैयार और फायरकर्मियों को मुस्तैद रखने के निर्देश भी दिए।



## जरूरी खबर

### प्रत्याशी के स्वागत में हवाई फायर, मामला दर्ज



**अलवर।** अलवर जिले के कठूमर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रमेश खींची के स्वागत सम्मान के दौरान एक युवक ने अवैध हथियार से हर्ष फायरिंग कर दी। इसका वीडियो वायरल के बाद निर्वाचन अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की है। जानकारी के अनुसार कठूमर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रमेश खींची गांव कटहेड़ा में जनसंपर्क के लिए पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीण खींची के स्वागत-सम्मान में जयकारों, माला साफा पहना रहे थे, तभी एक युवक आया और उसने अवैध हथियार से हर्ष फायरिंग कर दी।

### अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जैसलमेर पुलिस की स्पेशल डीएसटी टीम की सूचना पर रामगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रामगढ़ थाना प्रभारी मुक्ता पारीक ने बताया कि रामगढ़ नहरी इलाके से जेठाराम (55) के कब्जे से 9 कार्टन अंग्रेजी व 12 कार्टन देशी अवैध शराब बरामद की गई है। मुक्ता पारीक ने बताया कि नहरी इलाके में जेठाराम अवैध शराब का कारोबार कर रहा था। पुलिस को आरोपी के खिलाफ सूचना मिली थी, जिसके बाद यह कार्वाई की गई।

### सवाई माधोपुर में भालू के हमले में युवक घायल



**सवाई माधोपुर।** जिले में स्थित रणथम्भौर नेशनल पार्क से सटे खिदरपुर जादौन गांव में खेत पर काम कर रहे युवक पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले में भरत लाल बैरवा बुरी तरह घायल हो गया। युवक के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस पास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और शोर कर भालू को भगाया। इसके बाद घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां युवक का इलाज किया जा रहा है। गांव वालों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वनकर्मी भालू की तलाश में जुट गए हैं।

---

**पूर्व संसदीय सचिव को मनाने में कामयाब नहीं हो पाई भाजपा, 2018 में भी भाजपा ने काटा था टिकट**

# निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे राजावत, नामांकन नहीं लिया वापस

**बेधड़क** | कोटा

जिले की 17 विधानसभा सीटों में से अधिकांश पर कांग्रेस और बीजेपी में सीधा मुकाबला है। नाम वापसी को लेकर कांग्रेस और बीजेपी ने अपने अधिकांश बागियों को मना लिया है।

हालांकि कोटा जिले की लाडपुरा विधानसभा पर बीजेपी अपने पूर्व संसदीय सचिव और तीन बार विधायक रह चुके भवानी सिंह राजावत को मनाने में नाकाम रही, जिसके चलते उन्होंने अपना नाम वापस नहीं लिया। भवानी सिंह राजावत लाडपुरा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। भवानी सिंह राजावत लाडपुरा से तीन बार विधायक रह चुके हैं। साल 2018 में उनका टिकट काट कर राज परिवार से कल्पना देवी को प्रत्याशी बनाया गया था।

■ **पिछले चुनाव में भी राजे के समझाने पर बदला था फैसला**



उस समय राजस्थान में बीजेपी की सरकार थी और वह विधायक थे। टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समझाने पर वह मान गए थे और चुनाव लड़ने के अपने फैसले को उन्होंने वापस ले लिया था। उस चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को जीत हासिल हुई थी। इस बार उन्होंने बीजेपी आलाकमान की बात न मानकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### कांग्रेस ने नहीं बदली नीति

लाडपुरा विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने एक ही परिवार को तीन बार टिकट दिया और तीनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बार माना जा रहा था कि नईमुद्दीन गुड्डू को कांग्रेस से टिकट नहीं मिलेगा, कांग्रेस यहां से किसी नए चेहरे को मौका देगी। हालांकि इस बार ऐसा नहीं हुआ और कांग्रेस कयासों के उलट एक ही परिवार से तीसरी बार नईमुद्दीन गुड्डू को टिकट देकर मैदान में उतारा है। इससे पहले एक बार उनकी पत्नी भी कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतर चुकी हैं। लेकिन तीन बार इस परिवार के उम्मीदवार को हार मिली है।

### लाडपुरा सीट पर रोचक हुआ मुकाबला

दूसरी तरफ भवानी सिंह राजावत यहां से तीन बार विधायक रह चुके हैं। भवानी सिंह राजावत के चौथे टर्म में बीजेपी ने उनकी जगह पर कल्पना देवी को प्रत्याशी बनाया था। भवानी सिंह राजावत इस बार भी बीजेपी आलाकमान से टिकट की मांग कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। जिसके बाद उन्हें बतौर निर्दलीय उम्मीदवार नामांकन दाखिल किया है। उम्मीद जताई जा रही थी कि वह अपना नामांकन वापस ले लेंगे, लेकिन राजावत ने ऐसा न करके सभी को चौंका दिया। उनके चुनावी मैदान में बने रहने से इस सीट पर मुकाबला रोचक हो गया है। दूसरी कांग्रेस की तरफ से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे शिवराज गुंजल ने भी नईमुद्दीन गुड्डू को प्रत्याशी बनाए जाने पर खुल कर विरोध शुरू कर दिया है। बीजेपी और कांग्रेस में नेताओं की बगावत सुर से सियासी समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं, ये हार जीत का कारण भी बन सकते हैं।

---

**कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयराम रमेश का जोधपुर दौरा**

# कांग्रेस सरकार रिपीट होगी MLA करेंगे CM का चुनाव

**बेधड़क** | जोधपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयराम रमेश गुरुवार को जोधपुर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा के पास कोई चेहरा नहीं है। राजस्थान बीजेपी में कलह है।

कांग्रेस का सिर्फ भाजपा से ही मुकाबला नहीं है उनके दो हथियार ईडी और सीआईडी से भी मुकाबला है। राहुल की यात्रा के बाद राजस्थान में कांग्रेस संगठित है। पहले संगठन में विरोध था, लेकिन अब नहीं है। वहीं राजस्थान में सीएम फेस के सवाल पर भी जयराम रमेश ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट हो रही है। सीएम पद के लिए अभी कोई वैकेंसी नहीं है। जनादेश मिलने पर विधायक सीएम का चुनाव करेंगे। गहलोत के नामांकन पर निर्वाचन आयोग में भाजपा की ओर से शिकायत के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं हर एक के बारे में टिप्पणी करने नहीं आया हूं। मेरे बड़े मुद्दे हैं, चुनाव प्रचार के मुद्दे हैं, उसके बारे में बात करने आया हूं।

■ **कांग्रेस का सिर्फ भाजपा से नहीं, ईडी और सीआईडी से भी मुकाबला**



### सीएम का चुनाव है पीएम का नहीं

जयराम रमेश ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पास किसी तरह का कोई मुद्दा नहीं है, सिर्फ सनातन और ईडी, सीबीआई को लेकर ही वो चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि "वे सीएम तो नहीं बनेंगे, राज्य सरकार तो पीएम नहीं चलाने वाले हैं। उनके लिए दोहराना चाहूंगा कि पीएम के लिए नहीं, बल्कि विधानसभा का चुनाव हो रहा है। वो अपने नाम पर गारंटी दे रहे हैं, जबकि जनता को प्रदेश में राहत चाहिए, जो कांग्रेस दे रही है।

### कांग्रेस दे रही सात गारंटी

जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद हमारे संगठन में एक नई एकजुटता दिखाई दी है। इसके बाद कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे पार्टी के पक्ष आए और वहां से भाजपा साफ हो गई। भारत जोड़ो यात्रा का असर राजस्थान में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस सात गारंटी दे रही है।

### छत्तीसगढ़ में जीत रही कांग्रेस

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जीत रही है, हमारी फिर सरकार बनेगी। साथ ही मध्यप्रदेश में भी हम सरकार बनाएंगे। इसके अलावा तेलंगाना में भी हमारा मुकाबला बीआरएस से है, जिसमें हम आगे चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार के खिलाफ भाजपा कुंठित है, इसलिए महाकाल घोटाला करने वालों ने महादेव को मुद्दा बनाया। भूपेश बघेल ने कहा था महादेव ऐप को बैन करना चाहिए, लेकिन मोदी सरकार ने उस पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया और अब बैन किया।

### MP में लोग एक ही चेहरा देखकर थके

मध्यप्रदेश में कमलनाथ की सरकार को कैसे गिराया लोग याद करते हैं। लोग फिर से कांग्रेस को सपोर्ट करेंगे। मध्यप्रदेश में 18 साल से थक गए हैं लोग एक ही चेहरा और वही भ्रष्टाचार देख कर। अब इसे बदलेंगे और राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार होगी क्योंकि देशभर में कांग्रेस की स्कीम का उदाहरण दिया जा रहा है।

### ओल्ड पेंशन स्कीम की चर्चा

जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सरकार की ओल्ड पेंशन स्कीम की पूरे राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तारीफें हो रही है। चिरंजीवी योजना स्वास्थ्य योजना की तारीफें हो रही हैं। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण की ओर इशारा करते हुए कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम पर जगह-जगह हो रही मांग को लेकर अब वो उसको नए कलेवर में पेश करने का आश्वासन दे रही हैं। जो सिर्फ कांग्रेस सरकार का दबाव है।

---

**75 लाख की ठगी का मामला**

# एटीएम से छेड़छाड़ कर खाता साफ करने वाले दो ठग गिरफ्तार



**बेधड़क** | बाड़मेर

कोतवाली थाना पुलिस ने शहर में लगे एसबीआई के एटीएम मशीनों से छेड़छाड़ कर करीब 75 लाख की ठगी के मामले में फरार चल रहे दो और आरोपियों मुबारक मेव पुत्र जान मोहम्मद और नसीम मेव पुत्र हारून निवासी थाना पुनहावा जिला नूंह हरियाणा को गिरफ्तार किया है।

इन दोनों पर 2-2 हजार का इनाम घोषित किया हुआ है। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि 3 फरवरी 2021 को एसबीआई के मुख्य प्रबंधक सुरजीत कुमार द्वारा रिपोर्ट दी गई थी कि बाड़मेर शहर में उनकी बैंक के विभिन्न एटीएम मशीनों से अज्ञात गिरोह द्वारा करीब 74 लाख 95 हजार रुपए निकाल लिए गए। इस गिरोह के लोग एटीएम से रुपए आहरण करते समय मशीन में छेड़छाड़ और पावर फैलियर कर दोबारा से रुपए निकाल लेते हैं। इस रिपोर्ट पर आईपीसी में आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अन्वेषण शुरू किया। पुलिस ने जांच के दौरान गिरोह का पता लगा पूर्व में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था।

यह गिरोह हरियाणा के नूंह जिले के मेवात क्षेत्र का है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए इनामी राशि घोषित कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह व सीओ आनंद सिंह के सुपरविजन विशेष टीम गठित की गई। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि गठित विशेष टीम ने हरियाणा की नूंह पुलिस की मदद से मामले में वांछित आरोपी मुबारक मेव और नसीम मेव को दस्तयाब किया है।

---

**त्योहारी सीजन पर रेलवे ने दी सुविधा**

# यात्री भार को देखते हुए चार नई ट्रेनें शुरू

**बेधड़क** | जयपुर

रेलवे की ओर से दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर चार ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इससे त्यौहारी सीजन में आने-जाने रेल यात्रियों को परिवहन सुविधा का फायदा मिलेगा।

रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 09403, साबरमती-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा 12 से 26 नवंबर तक साबरमती से प्रत्येक रविवार को सुबह 08.15 बजे रवाना होकर सोमवार दोपहर 2.15 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में 13 से 27 नवंबर तक (03 ट्रिप) दानापुर से प्रत्येक सोमवार को शाम 6.00 बजे रवाना होकर मंगलवार को रात 11.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 09425, साबरमती-दिल्ली सराय स्पेशल रेलसेवा 9 नवंबर को साबरमती से गुरुवार को शाम 4.10 बजे रवाना होकर शुक्रवार सुबह 08.50 बजे दिल्ली सराय पहुंचेगी। वापसी में 10 नवंबर को दिल्ली सराय से शुक्रवार को दोपहर 1.20 बजे रवाना होकर शनिवार सुबह 05.15 बजे साबरमती पहुंचेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 09557, भावनगर टर्मिनस-दिल्ली सराय स्पेशल रेलसेवा 10 नवंबर से 1 दिसंबर तक भावनगर टर्मिनस से शुक्रवार सुबह 10.10 बजे रवाना होकर शनिवार को सुबह 08.50 बजे दिल्ली सराय पहुंचेगी। वापसी में 11 नवंबर से 2 दिसंबर तक दिल्ली सराय से शनिवार दोपहर 1.20 बजे रवाना होकर रविवार सुबह 10 बजे भावनगर पहुंचेगी।

वहीं 09625, उदयपुर-पटना 14 से 28 नवंबर तक उदयपुर से प्रत्येक मंगलवार को रात 11.15 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर सुबह 06.50 बजे आगमन व 7 बजे प्रस्थान कर करेगी। वापसी में 16 से 30 नवंबर तक पटना से प्रत्येक गुरुवार को सुबह 06.45 बजे रवाना होकर शुक्रवार को जयपुर स्टेशन पर तड़के 03.55 बजे पहुंचेगी।

---

**आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं, जांच में जुटी पुलिस**

# बीएसएफ जवान ने खुद को मारी गोली

**बेधड़क** | बाड़मेर

अंतरराष्ट्रीय भारत-पाक सीमा पर तैनात एक बीएसएफ जवान के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। ड्यूटी के दौरान बीएसएफ जवान ने खुद की राइफल से गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना पर बीएसएफ और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।



आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। बाखासर थानाधिकरी सूरजभान सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि त्रिपुरा निवासी मनोज कुमार (24) पुत्र करण जोहर बाड़मेर जिले में तैनात 83 बटालियन में कांस्टेबल पद पर कार्यरत था। बुधवार रात को इंडो-पाक इंटरनेशनल की बॉर्डर की तारबंदी के पास ड्यूटी कर रहा था। सुबह करीब 4 बजे इंटरनेशनल बॉर्डर की तारबंदी के पास अपनी राइफल से गर्दन से ऊपर ठोड़ी गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वहीं पर जवान का सिर फट गया और मौत हो गई। जवान को लहूलुहान हालत में देखकर अन्य जवानों ने मामले की सूचना बीएसएफ के अधिकारियों को दी। सूचना पर बाखासर थाना अधिकारी सूरजभान सिंह मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस के अनुसार जवान पिछले दो साल से बाड़मेर में कार्यरत था। थानाधिकारी ने बताया कि बीएसएफ 86 बटालियन के जवान के शव को पोस्टमार्टम के बाद सुपुर्द कर दिया है। अभी आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

---

**महवा थाना पुलिस और जिला डीएसटी टीम की कार्रवाई**

# लाल चंदन की तस्करी, 50 लाख रुपए कीमत की एक क्विंटल लकड़ी जब्त

**बेधड़क** | दौसा

विधानसभा चुनाव को लेकर दौसा पुलिस लगातार अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चला रही है। इसके तहत बुधवार रात को महवा थाना पुलिस और जिला डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 50 लाख रुपए की एक क्विंटल से अधिक लाल चंदन की लकड़ी बरामद की।

वहीं, मौके से पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया। महुवा थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि आयुक्तालय जयपुर की सीएसटी टीम से अवैध चंदन की तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर डीएसटी टीम के साथ थाना क्षेत्र के पूरण सैनी पुत्र इंद्र सैनी, भीम पुत्र सूखाराम सैनी निवासी अन्छापुरा, मुकुट पुत्र बाबूलाल मीणा निवासी सिंदुकी के मकान पर दबिश दी गई। इस दौरान पूरण सैनी के घर से पुलिस ने 46.550 किलोग्राम लाल चंदन की लकड़ी बरामद की। वहीं, भीम पुत्र सूखाराम सैनी के घर से 50 किलो लाल चंदन की लकड़ी बरामद की गई। साथ ही मुकुट मीणा के निवास से 4 किलो 50 ग्राम चंदन की लकड़ी जब्त की गई है। पूरण सैनी और मुकुट मीणा को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।



थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक आरोपी भीम सैनी अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। तस्करों से जब्त की गई लाल चंदन लकड़ी की बाजार में 50 लाख रुपए कीमत बताई गई है। गिरफ्तार तस्करों से जब्त की गई लकड़ी को आरोपी अन्य राज्यों में बेचने के फिराक में थे, लेकिन विधानसभा चुनाव में जगह-जगह नाकाबंदी होने के चलते अभी चंदन को छिपा रखा था। पुलिस की ओर से बताया गया कि जब्त की गई चंदन लकड़ी को आरोपी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अच्छे दामों में बेचते थे।

### 327 किलो अवैध डोडा पोस्त पकड़ा

जालोर। थाना बागरा पुलिस ने गुरुवार सुबह नाकाबंदी तोड़कर फरार हुई स्कॉर्पियो से 327 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा जप्त किया है। पीछा कर रही पुलिस टीम को देख तस्कर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। एसपी मोनिका सेन ने बताया कि देलदरी-नून के पास नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान देलदरी की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो पुलिस को देख वापस जाने लगी। पुलिस टीम ने पीछा किया तो तस्कर गाड़ी को छोड़ फरार हो गए। गाड़ी की तलाशी में 16 प्लास्टिक के कट्टो से कुल 337 किलो ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया।



### ट्रेन से 31 हजार रुपए की अवैध शराब हुई बरामद



**बांदीकुई।** बांदीकुई रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ टीम ने दिल्ली से अहमदाबाद जा रही आश्रम एक्सप्रेस ट्रेन से 9 बोतल अवैध शराब की बरामद की है। इन बोतलों की कीमत 31 हजार रुपए से अधिक बताई जा रही है। आरपीएफ थाना प्रभारी बीपी सनी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर इन दोनों ट्रेनों में विशेष सुरक्षा बरती जा रही है। इसके लिए टीम तैनात की गई है। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दिल्ली से अहमदाबाद जा रही आश्रम एक्सप्रेस ट्रेन के एस 2 कोच में अवैध शराब ले जाई जा रही है। टीम के बांदीकुई जंक्शन पहुंचने पर सब इंस्पेक्टर हरि सिंह गुर्जर, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार सैनी, प्रहलाद स्वरूप ने ट्रेन के कोच संख्या एस 2 के टॉयलेट को चेक किया तो इसके अंदर शराब की बोतल बरामद हुई।





**चुनावी पोळ**

कुछ राजी कुछ रूठ्या रह्या,
सजगो रण चुनाव।
दिग्गज आसीं अब दौड़ता,
चुनाव प्रचार रा दांव।।
■ गजानन



**विधानसभा चुनाव** | **आदिवासी वोटर्स को साधने में जुटी पार्टियां**

# दिग्गजों के गढ़ मेवाड़ में कद बढ़ाने की परीक्षा

गजानंद शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान में गुरुवार को नाम वापसी के साथ चुनावी मुकाबला निर्णायक दौर में पहुंच गया है। कुछ बागी घर लौट गए हैं और कुछ मैदान में हैं। नफा नुकसान का आकलन दोनों पार्टियां बागियों के मैदान में रहते ही कर चुकी हैं और जहां बागी बचे हैं, वहां उनके संभावित घात से निपटने का उपाय करने में जुटी हैं। चुनावी तस्वीर अब जहां साफ है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उदयपुर की जनसभा में मतदान में शेष पंद्रह दिन के लिए अपनी पार्टी का एजेंडा भी तय कर दिया है। किन मुद्दों पर कांग्रेस पर प्रहार करना है और किन मुद्दों पर उसे घेरना है।

भाजपा की यह सभा उसकी चुनावी रणनीति व व्यूहरचना के अनुसार ही थी। यह साफ है कि भाजपा उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर गहलोत सरकार को कानून व्यवस्था पर घेरेगी और हिंदुवादी मतों को साधने का प्रयास करेगी। वहीं आदिवासी मत भी भाजपा की रणनीति का अहम हिस्सा हैं। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आदिवासी मतों के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों में घमासान मचा है और दोनों पार्टियां एक दूसरे पर आदिवासी मतों को लेकर प्रहार कर रही हैं।

भाजपा कांग्रेस को यह कहकर घेरने का प्रयास कर रही है कि उसने आदिवासियों के कल्याण के लिए समुचित कोशिश नहीं की, जबकि भाजपा आदिवासी नायकों का गौरव बढ़ाने की रणनीति पर लंबे समय से आगे बढ़ रही है। वह यह भी कहती हैं कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी का विरोध किया। वहीं, कांग्रेस भाजपा को यह कहकर घेर रही है कि वह आदिवासियों को वनवासी कहकर उनका अपमान कर रही है और उनका हक छीन रही है। राहुल गांधी अपनी सभाओं में भाजपा पर वनवासी शब्द को लेकर लगातार प्रहार कर रहे हैं और कहते हैं कि भाजपा उन्हें सिर्फ वनों तक सीमित रखना चाहती है। वह नहीं चाहती कि आदिवासी आगे बढ़ें और बड़े सपने देखें।



उदयपुर में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी सभा को संबोधित किया।

## दोनों पार्टियों के कद्दावर नेताओं का क्षेत्र

मेवाड़-वागड़ अंचल में उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और प्रतापगढ़ जिले शामिल हैं, लेकिन पार्टी पहली बार यहां अपने कद्दावर नेता गुलाबचंद कटारिया के बिना चुनाव मैदान में है। कटारिया अब असम के राज्यपाल हैं। पार्टी को अब इस अंचल के लिए नए क्षत्रप गढ़ने हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस अंचल की 28 में से 15 सीटों पर कब्जा जमाया था, जबकि 10 सीटों पर कांग्रेस व तीन पर अन्य प्रत्याशी विजयी रहे थे, लेकिन 2013 में भाजपा ने यहां 25 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी, जबकि 2008 में कांग्रेस ने यहां 28 में से 20 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी। मेवाड़ और वागड़ अंचल दोनों ही पार्टियों के कद्दावर नेताओं का क्षेत्र रहा है। कांग्रेस को इस अंचल ने मोहनलाल सुखाड़िया , हरिदेव जोशी और हीरालाल देवपुरा जैसे नेता दिए थे, जिन्होंने प्रदेश का नेतृत्व भी किया। कांग्रेस में वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी जैसे कद्दावर नेता इसी अंचल से हैं तो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सीपी जोशी भी इसी अंचल से हैं। इस अंचल की 28 में से 17 सीटें आरक्षित हैं। इनमें से 16 सीटें अनुसचित जनजाति के लिए हैं।

## मतदाताओं के लिए बढ़े विकल्प

पिछले चुनावों में इस आदिवासी अंचल में एक नई पार्टी भारतीय ट्राइबल पार्टी का उदय हुआ और उसके दो विधायक विधानसभा में पहुंचे थे, लेकिन 2023 के चुनाव आते आते बीटीपी की सियासी धारा अब दो हिस्सों में बहने लगी है। अब यहां एक और पार्टी भारतीय आदिवासी पार्टी सियासी पटल पर उभर आई है और ये दोनों पार्टियां चुनाव मैदान में हैं। यानी आदिवासी मतदाताओं के सामने अब कांग्रेस व भाजपा के अलावा एक और विकल्प होगा, लेकिन यह विभाजित विकल्प भी इन दोनों पार्टियों के चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। इसलिए इस बार आदिवासी मतों के लिए घमासान और तेज व तीखा होने की संभावना है। इन दोनों आदिवासी पार्टियों के चुनाव मैदान में होने से सियासी समीकरण बदलने के आसार हैं। मानगढ़ समेत कई मुद्दे हैं जो आदिवासी वोटर का रुख तय करेंगे। भाजपा के प्रहारों को कांग्रेस अपनी सरकारी योजनाओं के माध्यम से झेलना चाहेगी। यहां के आिदवासी वोटरों की सियासी करवट इस अंचल में नए क्षत्रप भी गढ़ सकती है और किसी भी पार्टी को सत्ता पथ की ओर भी मोड़ सकती है।

## विश्वराज सिंह के माध्यम से मेवाड़ को साधने की कोशिश

वैसे तो राजस्थान का मेवाड़ व वागड़ का आदिवासी अंचल पारंपरिक रूप से कांग्रेस का समर्थक रहा है, लेकिन राम मंदिर आंदोलन के बाद से यहां की राजनीतिक तस्वीर बदलने लगी और अब वहां पर भाजपा ने अपने लिए मजबूत जनाधार खड़ा कर लिया है और राजस्थान में उसके सत्ता में आने में मेवाड़ अंचल अहम भूमिका निभाता रहा है। इसलिए पीएम मोदी की उदयपुर में सभा चुनावी रणनीति की दृष्टि से बहुत ही अहम है। भाजपा ने मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारकर यहां के राजनीतिक समीकरण नए सिरे से साधने की कोशिश की है। भाजपा ने विश्वराज सिंह के माध्यम से राजपूत मतों पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश की है। इसके साथ ही पार्टी की नजर अगले लोकसभा चुनावों के समीकरणों पर भी टिकी है। पीएम मोदी ने उदयपुर की अपनी सभा में के माध्यम से इन नए सियासी समीकरणों को और धार दी है। उन्होंने उदयपुर की आठ सीटों को ही नहीं बल्कि मेवाड़ व वागड़ की सभी 28 सीटों के साथ राजपूत और आदिवासी मतदाताओं को भी साधा है।




**बिहाइंड** | **द कर्टेन**

## ऑफर मिले तो पिघले बागी

ऑफर की भरमार है। एक तो दीपावली, दूसरे चुनाव। हर कोई ललचा रहा है। लेकिन बात राजनीति के ऑफर की। सत्ता आने दो। कहीं भी सेट कर देंगे। बोर्ड, आयोग या निगम का चेयरमैन बना दिया जाएगा। कुछ नहीं तो पार्टी में ओहदा पक्का। अभी बैठ जाओ, पार्टी की किरकिरी हो रही है। कहीं जाति के नेताओं का दबाव आ गया। रातभर मोबाइल बिजी रहे। दिल्ली से टीमें आ गई। बड़े नेताओं से बात कराई गई। कुछ अड़े रह गए। एक-दो ऐसे थे जो गायब हो गए। कई पिघल गए। बंद मुट्ठी लाख की। नाम दाखिल करने गए थे तब जोश था, कार्यकर्ताओं का हुजूम था। पार्टी या नेता को अपना दम दिखाना चाहते थे। पर नाम वापस लिया तो कोई शोरशराबा नहीं। कोई साथ नहीं था। भाई लोग कयास लगा रहे हैं। ऐसे-कैसे नाम वापस ले लिया। किस की बात मानकर बैठ गए। बैठने वाले नहीं लगते थे। कह रहे हैं कि जिनके कहने से पर्चा भरा था उनके कहने से ही वापस ले लिया। यह अलग बात है कि पर्चा भरते समय चेहरा तमतमा रहा था। नाम वापस लेते समय मुंह उतरा हुआ नजर आया। नाम वापसी के बाद कई जगह समीकरण साफ हो गए हैं। कई जगह आमने-सामने की टक्कर तय हो गई है। राजनीति कभी रुकती नहीं है। चलो, अब आगे बढ़ा जाए। बागी तो बैठ गए पर मतदाताओं का क्या करें? उन्हें कैसे मनाया जाए। कहीं लंगर चल रहे हैं। कहीं पर्चियां दी जा रही हैं। वोट के दिन पता नहीं क्या-क्या दिया जाएगा। कहने का मतलब हर संभव तरीका अपनाया जा रहा है। कई उम्मीदवारों ने हाइटेक तरीके अपनाए हैं। सोशल मीडिया पर फोटो और रील्स की भरमार है। अभी तो स्टार प्रचारक आएंगे। कई स्टार प्रचारक खुद अपने क्षेत्र में फंसे नजर आ रहे हैं। कुछ ने ऐसे भाषण झाड़े कि अब पार्टी के लिए मुसीबत बन गए हैं। क्षेत्र में जनसम्पर्क तक नहीं कर पा रहे। दीपावली के बाद बड़े नेताओं की सभाओं का एक और दौर शुरू होगा। एक जंग दोनों पार्टियों में अंदर ही अंदर चल रही है। नतीजे आने के बाद के नजारे की कल्पना अभी से की जा सकती है। दोनों तरफ से भावी सीएम के नाम उछाले जा रहे हैं। किसी पार्टी ने घोषित तौर पर नहीं कहा कि जीते तो सीएम कौन होगा। फिर किसके कहने से नाम लिए जा रहे हैं। मतलब नरेटिव सेट किए जा रहे हैं। असली खेमेबाजी तो नतीजे के बाद सामने आएगी। तब तक देखते रहें।

■ यायावर

**ई** | **वॉर**



BJP Rajasthan @BJP4Rajasthan
Follow

मैंने सुना, किसी ने कहा था कि राजस्थान में छोटी मछलियों को ही पकड़ा जाता है, बड़ी मछलियों पर कार्रवाई नहीं होती।

मैं ऐसे लोगों को कहूंगा- राजस्थान में छोटी-बड़ी हर मछली पर कार्रवाई होगी। सिर्फ मछली ही नहीं, जनता को लूटने वाले बड़े मगरमच्छ भी छोड़े नहीं जाएंगे।

- प्रधानमंत्री श्री @narendramodi

Rajasthan PCC @INCRajasthan · 50m
पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना 13 पूर्वी जिलों के किसानों का सपना बन रही है इसे 13,000 करोड़ रुपये की लागत से लागू किया गया,जिसका खर्च अकेले राज्य सरकार ने उठाया :- @PChidambaram_IN

जयपुर
#कांग्रेस_फिर_से

**थड़ी** | **पॉलीटिक्स**

## दिन तो जब बदलेंगे तब बदलेंगे, अभी तो तमाशे का मजा लो

**स्थान** अजमेर रोड | **समय** दोपहर 3:35 बजे

**जयपुर**

इनका बस चले तो ये अपने 28 क्लोन बनवा लें और देश के जिस स्टेट में चुनाव हो वहां के खुद ही मुख्यमंत्री बन जाएं। अरे जहां चुनाव हो रहा है वहां के नेताओं को बताने दो ना कि उन्होंने जनता के लिए कितना काम किया है।" मौसम में ठंडक का दौर शुरू हो चुका है। दिवाली के उल्लास के साथ चुनाव का उत्साह भी चरम पर है। शहरों-गांवों में दिवाली के लिए सजेधजे बाजारों के बीच वोट मांगते नेताओं के रेले एक मेले जैसा माहौल बना रहे हैं। अब जबकि चुनावी मैदान में बचे नेताओं की तस्वीर साफ हो चुकी है तो लोगों ने हार-जीत के अनुमान लगाना शुरू कर दिया है। नेताओं की जनसभाओं, चुनावी रैलियों और जनसम्पर्क के दौरों के बीच जो भावी तस्वीर निकलकर आती है उसका खाका यहां-वहां गलियों, नुक्कड़ों और सड़क किनारे की चाय की टपरियों पर चलने वाली चर्चाओं में बनता है। तो लोगों की चर्चाओं से चुनावी रुख की थाह लेने हम पहुंचे अजमेर रोड स्थित एक चाय की थड़ी पर। दो-तीन युवा खड़े हुए अपने मोबाइल्स में डूबकर चाय पी रहे थे। किसी एक ने सोशल मीडिया पर जैसे ही केंद्रीय नेता के एक सभा में आने की खबर देखी तो उसके भीतर काफी देर से कुलबुला रहा गुब्बारा फट पड़ा- "पांच साल तो इन्होंने शक्ल नहीं दिखाई। जिस स्टेट में चुनाव होते हैं, उसी की प्रोब्लम क्यों दिखने लग जाती हैं इनको, और वो भी चुनाव के टाइम ही दिखती हैं।" एक हाथ में चाय का कप और दूसरे में फोन थामे ग्रामीण से दिखने वाले युवक ने जैसे ही बात चलाई सामने ही चाय की चुस्की ले रहे दूसरे युवक ने भी समर्थन किया पर अलग तरीके से- "तो सामने वाले भी तो चक्कर काट रहे हैं। और अगर नहीं काट रहे तो उनको भविष्य दिख रहा है। वो आने से बच रहे हैं जिससे बाद में रिजल्ट की जिम्मेदारी से भी बच सकें।" पतीली से ग्लास में चाय डाल रहे रेस्टोरेंट संचालक के होठों पर दोनों की बात सुनकर हंसी आ गई लेकिन वह कुछ बोला नहीं। रेस्टोरेंट पर काम कर रहे कर्मचारी ने इस कमी को पूरा करते हुए कहा-" भाई, तमाशा चल रहा है तमाशा। कोई भी नेता जी आएं हमारे तो दिन बदलने से रहे। कोई भी सरकार बने वो चार साल तक तो कुछ ध्यान देगी नहीं और चुनावों वाले एक साल में सबको भर भर के देगी।अभी तो बस तमाशे के मजे लो फ्री में।" चारों युवाओं की चाय खत्म हो गई है। जाने की तैयारी है। आखिरी घूंट लेकर चाय के खाली कप को डस्टबिन में डालते हुए एक ने अपनी बात भी खत्म करते हुए कहा- "अरे यार, चुनाव होने के बाद फिर वो ही हालत होनी है। अभी तो इस मौसम का मजा लो, इससे ज्यादा अपन कुछ नहीं कर सकते।" इसके साथ ही सभा समाप्त हुई।

**पॉली** | **क्लिक्स**



### चुनावी सवारी

चुनावी माहौल में हर नेता ने चुनाव जीतने में अपनी सारी ताकत झोंक रखी है। दिनभर जनसम्पर्क का दौर और मतदाताओं को लुभाने की कवायद जारी है। समर्थक भी अपने नेता की 'ब्रांडिंग' का कोई मौका नहीं छोड़ रहे। कुछ अलग हटकर करने के लिए नए नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सिंह एक इलाके में प्रचार के लिए पहुंचे तो उन्हें समर्थकों ने घोड़ी पर बिठा दिया। भारद्वाज सजी-धजी घोड़ी पर बैठकर ही लोगों से वोटों की अपील करते नजर आए।

**पॉली** | **टून**




**चुनावी** | **इतिहास के झरोखे से**




■ **गुलाब बत्रा,** वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# पूर्व मुख्यमंत्री बरकतुल्ला खां के लिए लॉटरी में निकला था राज्यसभा से अवकाश

सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के चुनाव के लिए कुछ प्रत्याशियों की लॉटरी खुल गई। चंद घंटों पहले वह टिकट पाकर चुनावी एक्सप्रेस में सवार हो गए। चुनावी राजनीति में ऐसे दृश्य आज ही नहीं दशकों पहले भी देखे जा चुके हैं। प्रदेश के एक राजनेता के जीवन से ऐसा प्रसंग जुड़ा है जिसमे राज्यसभा से लेकर मुख्यमंत्री पद तक लॉटरी की विशेष भूमिका रही।

तो इस कहानी की शुरुआत संसद के उच्च सदन राज्यसभा से करते हैं। वर्ष 1952 में लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव सम्पना होने के पश्चात विधिवत रूप से राज्यसभा का गठन किया गया। तत्कालीन राजस्थान विधानसभा की सदस्य संख्या 160 के अनुपात में प्रदेश से राज्यसभा के लिए नौ स्थान निर्धारित थे। ब्रिटिश सरकार शासित अजमेर-मेरवाड़ा क्षेत्र की अलग विधानसभा से राज्यसभा में एक स्थान निर्धारित था। इस प्रकार राज्यसभा में राजस्थान से दस सदस्यों की संख्या निर्धारित हुई जो आज भी बरकरार है। पहली बार राजस्थान से राज्यसभा के लिए एक साथ नौ सदस्य चुने गए। आम मतदाताओं द्वारा निर्वाचित लोकसभा सदस्य का कार्यकाल पांच वर्ष होता है जबकि उच्च सदन राज्यसभा के सदस्य का कार्यकाल छह वर्ष होता है।

कार्यकाल की इस अवधि को नियमित बनाए रखने के लिए एक तिहाई अर्थात तीन सदस्यों को लॉटरी पद्धति से दो वर्ष पश्चात यानि 1954 में, इसी प्रकार तीन अन्य सदस्यों को 1956 में तथा अजमेर विधानसभा से चुने गए राज्यसभा सदस्य सहित शेष चार सदस्यों को वर्ष 1958



में अवकाश ग्रहण करना था। चूंकि यह पहली राज्यसभा थी इसलिए एक तिहाई सदस्यों को मात्र दो वर्ष की अवधि पूरी होने पर अवकाश ग्रहण करने का प्रावधान किया गया था। इसके लिए लॉटरी निकाली गई। संयोगवश लॉटरी में जिन तीन सदस्यों के नाम खुले उनमें बरकतुल्ला खां भी सम्मिलित थे। वह लगभग 17 वर्ष पश्चात अप्रत्याशित रूप से मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए। अवकाश ग्रहण करने के कुछ समय पश्चात बरकतुल्ला खां पुनः राज्यसभा सदस्य बन गए। लेकिन वर्ष 1957 में पहली बार विधायक निर्वाचित होने पर उन्हें राज्यसभा के द्वितीय कार्यकाल की अवधि समाप्त होने से पहले ही त्यागपत्र देना पड़ा। इसे संयोग ही कहेंगे कि बरकतुल्ला खां सहित राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने वाले जयनारायण व्यास, हरिदेव जोशी, जगन्नाथ पहाड़िया राजस्थान से तथा भैरोंसिंह शेखावत मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। इनमें दो मुख्यमंत्रियों बरकतुल्ला खां एवं जगन्नाथ पहाड़िया की पत्नी भी राज्यसभा सदस्य बनीं। एक उपमुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा 1978 से 1984 की अवधि में राज्यसभा सदस्य रहे। उषी खां 1996 से 1982 तथा शांति पहाड़िया 1984 से 1990 की अवधि में राज्यसभा सदस्य रहीं।

-क्रमशः

## मानसिंह ने राजदूत बनने पर दिया था त्यागपत्र

मुख्यमंत्री रहे जयनारायण व्यास का राज्यसभा का कार्यकाल 1960 से उनके देहावसान 14 मार्च 1963 तक रहा। मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया का राज्यसभा सदस्य होना संयोगवश रहा। प्रथम बार वह 1965 में पूर्व मंत्री कुम्भाराम आर्य के स्थान पर हुए उपचुनाव में सदस्य बने। दूसरी पारी में 1966 में जयपुर के तत्कालीन महाराजा सवाई मानसिंह के स्थान पर वह निर्वाचित हुए। सवाई मानसिंह ने स्पेन के राजदूत नियुक्त किए जाने पर 1965 में राज्यसभा से त्यागपत्र दिया था। जगन्नाथ पहाड़िया ने वर्ष 1967 में लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने पर सदन से त्यागपत्र दिया। वर्ष 1958 में हरिदेव जोशी स्वामी केशवानंद एवं टीकाराम पालीवाल के साथ राज्यसभा के लिए चुने गए। लेकिन चुनाव के तत्काल पश्चात शपथ लेने से पहले ही उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। उनके स्थान पर सादिक अली निर्वाचित हुए।

# सुख, शांति, समृद्धि प्रदायक गोवत्स द्वादशी




**अशोक 'प्रवृद्ध'**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


मानव जीवन में योगदान के लिए पवित्र गायों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन और कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से इस बार धनतेरस के दिन ही उदया तिथि के कारण कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी को गोवत्स द्वादशी व्रत मनाई जा रही है। इसे नंदिनी व्रत के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन दिव्य गाय नंदिनी को श्रद्धांजलि दी जाती है। गायों और बछड़ों की पूजा की जाती है। इसे बछ बारस अथवा बाघ बरस के नाम से भी मनाया जाता है। इस वर्ष 2023 में कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी आज यानी शुक्रवार को पड़ने के कारण इस दिन गोवत्स द्वादशी मनाई जाएगी। गोधूलि बेला में अर्थात शाम के समय सूर्यास्त होने से पूर्व गोमाता व उसके वत्स अर्थात बछड़े की पूजा की जाएगी।

भारतीय परंपरा में गाय को अत्यंत पवित्र, पूजनीय और माता के समान माना जाता है। यह माता की भांति मनुष्य को पोषण प्रदान करती है। गाय समृद्धि व प्रचुरता की द्योतक है। निर्वत मनुष्य गौओं के दूध से बलवान व हृष्ट-पुष्ट बनता है तथा फीका और निस्तेज मनुष्य तेजस्वी बनता है। गौओं से घर की शोभा बढ़ती है। मान्यतानुसार गाय में 84 लाख देवी-देवताओं का वास होता है। ऐसे में एक गाय की पूजा करने से 84 लाख देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। इसीलिए गोवत्स द्वादशी के दिन महिलाएं नंदिनी व्रत को अपने संतान की प्रसन्नता और दीर्घायु जीवन के लिए रखती हैं। मान्यता है कि संतान विहीन जोड़ों के द्वारा इस दिन उपवास रख गौमाता की पूजा विधि- विधान से किए जाने से उन्हें जल्द ही संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है।

वैदिक मत में तैंतीस कोटि देवता माने गए हैं। मान्यतनुसार इन सभी देवी देवताओं का निवास गौ माता में होने के कारण भारतीय परंपरा में यह विश्वास कायम है कि गावो विश्वस्य मातरः अर्थात गाय चराचर जगत की माता है। इसीलिए यह मान्यता है कि केवल गौ की पूजा एवं सेवा

> *" वेदों में गौ तथा बैल को भी विश्वरूपी बताया गया है। वैदिक सूक्तों में गौ की प्रशंसात्मक मंत्रों में प्रदर्शित भावों से स्पष्ट होता है कि हम सब गोमाता के ही अंग हैं। गौ के शरीर को कष्ट होने पर हमको ही कष्ट होगा, क्योंकि गौ के साथ हमारा अटूट संबंध शरीर और अंगों के रूप में है। गौ हमारे परिवार की मुखिया है, और हम उसके परिवार के सदस्य हैं। वेदों में अंकित गौ से संबंधित सूक्तों में अहिंसा का उत्तम उपदेश देते हुए कहा गया है कि हिंसक पशु व राक्षस आदि भी अत्यधिक भूख लगने पर अपने अंगों को नहीं खाते। "*

से सम्पूर्ण देवी देवताओं का आराधन हो जाता है। वेदों, स्मृतियों तथा विभिन्न पुराणों में गौ के विश्वरूप का वर्णन किया गया है तथा गो महिमा और गो सेवा की महिमा की गायन की गई है। वेदों में गौ तथा बैल को भी विश्वरूपी बताया गया है। वैदिक सूक्तों में गौ की प्रशंसात्मक मंत्रों में प्रदर्शित भावों से स्पष्ट होता है कि हम सब गोमाता के ही अंग हैं। गौ के शरीर को कष्ट होने पर हमको ही कष्ट होगा, क्योंकि गौ के साथ हमारा अटूट सम्बन्ध शरीर और अंगों के रूप में है। गौ हमारे परिवार की मुखिया है, और हम उसके परिवार के सदस्य हैं।

वेदों में अंकित गौ से संबंधित सूक्तों में अहिंसा का उत्तम उपदेश देते हुए कहा गया है कि हिंसक पशु व राक्षस आदि भी अत्यधिक भूख लगने पर अपने अंगों को नहीं खाते। इसी प्रकार मनुष्य को अपने शरीर की भांति ही स्वयं को गौ के शरीर का एक भाग समझकर गौ की रक्षा करनी चाहिए। गौमाता हमारे लिए पवित्र, पूजनीय, वंदनीय व पालनीय है। दुराचारी व्यक्ति के द्वारा भी किसी स्त्री को माता कहे जाने पर उसके चित्त में भी तत्काल पवित्रता आ जाती है। इसलिए गौ को माता कहने को अर्थ है कि उसे पवित्र दृष्टि से देखा जाय। इन्द्रादि देवगण गौमाता के देह में स्थित हैं। इसलिए उसका शरीर ही स्वर्ग है।

वेदों के साथ ही वृहत्पाराशर स्मृति, पद्म पुराण, भविष्य पुराण, ब्रह्माण्ड पुराण, स्कन्द पुराण एवं महाभारत में भी विभिन्न प्रकार से गौ माता के शरीर में विभिन्न देवों की स्थिति का वर्णन विस्तार से उपलब्ध है। भविष्य पुराण के उत्तर पर्व 69/25-37 में गौमाता के शरीर में विभिन्न देवों की स्थिति का वर्णन करते हुए कहा गया है कि गौओं के सींग के मूल में सदा ब्रह्मा और विष्णु प्रतिष्ठित हैं। अग्रभाग में चराचर समस्त तीर्थ स्थित हैं। सभी कारणों के कारण महादेव शिव सींगों के मध्य में, ललाट में गौरी तथा नासिकास्थि में भगवान कार्तिकेय स्थित हैं। नासिका छिद्रों में कम्बल व अश्वतर नाग, कानों में अश्विनी देव व आंखों में चन्द्र व सूर्य स्थित हैं। गौ के दांतों में आठों वसु, जीभ में वरूण, कंठ में माता सरस्वती व गंडस्थलों में यमराज व यक्षगण स्थित हैं। दोनों होंठों में दोनों संध्या देवियां ग्रीवा में इन्द्र ककुद में राक्षस, पाष्णि भाग में आकाश व्यवस्थित है। चारों चरणों से युक्त धर्म जंघाओं में, खुरों में गन्धर्वदेवगण, खुरों के अग्रभाग में सर्प निवास करते हैं। खुरों के पश्चिमी भाग में राक्षसगण, पीठ में ग्यारह रूद्र तथा सभी जोड़ों में वरूण देव प्रतिष्ठित हैं। गौ की कमर में पितरगण, कपोलों में मानव, अपानभाग में स्वाहा देवी के साथ अलंकार रूप में लक्ष्मी आश्रित हैं। सूर्य किरणें केश समूहों में पिंडी रूप में, गौ के मूत्र में साक्षात गंगा व गोबर में यमुना व्यवस्थित हैं। सभी रोमकूपों में तैंतीस कोटि देवता, पेट में पर्वतों व वनों से सुशोभित पूरी पृथ्वी व्यवस्थित हैं। गोवत्स द्वादशी के दिन गौमाता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए गाय माता का विधिपूर्वक पूजा पूजन किया जाता है। सच्चे हृदय और सेवाभाव से गोमाता का पूजन करने वाले व्यक्ति के ऊपर भगवान विष्णु की कृपा सदैव बनी रहती है। संतान प्राप्ति की कामना, घर में सुख, शांति और धन की प्राप्ति की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों को विधि विधान से गोवत्स द्वादशी का व्रत करना चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## धन्वंतरि ने काशी में दिवोदास के रूप में जन्म लिया और काशीराज कहलाए

# दुनिया के पहले चिकित्सा विज्ञानी धन्वंतरि




**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार


> *" ऋग्वेद की रचना ईसा से लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व हुई मानी जाती है। ऋग्वेद के पश्चात अथर्ववेद लिखा गया, जिसमें भेषजों की उपयोगिताओं के वर्णन हैं। भेषजों के सुनिश्चित गुणों और उपयोगों का उल्लेख कुछ अधिक विस्तार से आयुर्वेद में हुआ है। यही आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा विज्ञान की आधारशिला है। इसे उपवेद भी माना गया है। "*




समुद्र-मंथन के अंत में आयुर्वेदाचार्य धन्वंतरि देव और दानवों को हाथों में अमृत-कलश लिए मिले थे। दरअसल समुद्र-मंथन की इस वैश्विक घटना की जानकारी विश्व के उन सभी दूरांचलों में फैल गई थी, जिनकी अपनी सत्ता थी। उस समय धन्वंतरि चिकित्सा क्षेत्र के बड़े अनुसंधित्सु और वैद्य के रूप में विख्यात हो चुके थे। जिस तरह से समुद्र-मंथन के यात्रियों को विभिन्न देशों में पहुंचने पर कामधेनु गाय, उच्चैःश्रवा घोड़ा, ऐरावत हाथी, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा, लक्ष्मी, वारूणी, चंद्रमा, पारिजात वृक्ष, पांचजन्य शंख मिले, उसी प्रकार इस अल्पज्ञात क्षेत्र में धन्वंतरि मिले। हालांकि धन्वंतरि जिस औषधीय वन-प्रांतर में रहते थे, उस भू-खंड में उरू, पुरू आदि मूल भारतीय पहले ही पहुंच गए थे। धन्वंतरि उन्हीं के वंशज थे। धन्वंतरि और इस क्षेत्र के मुखियाओं को जब देव व असुरों जैसे पराक्रमियों के आने की सूचना मिली, तो वे समझ गए कि इस समूह से किसी भी प्रकार का संघर्श उचित नहीं है। अपितु इनसे बेहतर संबंध बनाना उचित है। बुद्धिमत्तापूर्ण इस पहल से धन्वंतरि ने भी समझा होगा कि उनके अब तक के जो भी औषधीय अनुसंधान हैं, उन्हें वैश्विक मान्यता तो मिलेगी ही, विश्व प्रसिद्ध देव व असुरों की चिकित्सा करने का भी अवसर मिलेगा।

श्रीमद् भगवत और वृहतः ब्रह्मानंद-उपनिषद् के अनुसार समुद्र-मंथन की प्रक्रिया आगे बढ़ने पर, प्रकट होने वाले 14 रत्नों में से एक भगवान धन्वंतरि थे। उनका शरीर बादलों की कांति की तरह चमक रहा था। उनके नेत्र कमल के समान थे। उनकी गर्दन कम्बू जैसी थी। उनका वक्ष विशाल था। उनके हाथ लंबे थे। शरीर पर पीतांबर धारण किए वे चिर-युवा लग रहे थे। उनके कानों में मगर आकृति के कुंडल थे। चतुर्भजधारी धन्वंतरि के एक हाथ में आयुर्वेदशास्त्र, एक में वनस्पति, एक में शंख और एक में जीवनदायी अमृत था। वे कई तरह के रत्न, आभूषण और विभिन्न जड़ी-बूटियों से गुंफित वनमाला पहने थे। उनके इस दिव्य रूप से सभी देव-दानव आश्चर्यचकित हुए। वैसे धन्वंतरि स्वयं इंद्र के यज्ञांष-भोजी थे। इसीलिए सनातन धर्म में यह मान्यता चली आ रही है कि भगवान विष्णु ने जीव-जगत के त्राण के लिए जो 24 अवतार लिए, उनमें धन्वंतरि बारहवें अंशावतार हैं। धन्वंतरि के हाथ में अमृत-कलश देखते ही देव व दानव उसका पान करने के लिए लालायित व चंचल हो उठे। धरा पर प्राणियों की सृष्टि से पहले ही प्रकृति यानी ब्रह्मा ने घटक-द्रव्य युक्त वनस्पति जगत की सृष्टि कर दी थी, ताकि रोगग्रस्त होने पर उपचार के लिए मनुष्य उनका प्रयोग कर सके। धन्वंतरि और उनकी पीढ़ियों ने ऐसी अनेक वनस्पतियों की खोज व उनका रोगी मनुष्य पर प्रयोग किए। इन प्रयोगों के निष्कर्ष श्लोकों में ढालने का उल्लेखनीय काम भी किया, जिससे इस खोजी विरासत का लोप न हो। इन्हीं श्लोकों का संग्रह 'आयुर्वेद' है। एक लाख श्लोकों की इस संहिता को 'ब्रह्म-संहिता' भी कहा जाता है।

इन संहिताओं में सौ-सौ श्लोक वाले एक हजार अध्याय हैं। बाद में इनका वर्गीकरण भी किया गया। इसका आधार अल्प-आयु तथा अल्प-बुद्धि को बनाया गया। वनस्पतियों के इस कोष और उपचार विधियों का संकलन 'अथर्ववेद' भी है। अथर्ववेद के इसी सारभूत संपूर्ण आयुर्वेद का ज्ञान धन्वंतरि ने पहले दक्ष प्रजापति को दिया और फिर अश्विनी कुमारों को पारगंत किया। अश्विनी कुमारों ने ही वैद्यों के ज्ञान वृद्धि की दृष्टि से 'अश्विनी कुमार संहिता' की रचना की। मत्स्यावतार के समय भगवान विष्णु ने वेदों का उद्धार किया था, तभी विष्णु ने वहीं वेदों के साथ अथर्ववेद के उपांग के रूप में आयुर्वेद को भी प्राप्त करने का उल्लेख किया है। भूलोक में प्राणियों को रोगों से पीड़ित व मृत्यु को प्राप्त होते देखकर भगवान विष्णु द्रवित हुए और विशुद्ध नामक मुनि के पुत्र के रूप में अवतरित हुए। वे भूलोक में चर की भांति छिपकर आए थे, इसलिए चरक नाम से पृथ्वी पर प्रसिद्ध हुए। इन्हीं चरक ने ऋषि-मुनियों द्वारा रचित संहिताओं को परिमार्जित करके 'चरक-संहिता' की रचना की थी। यह ग्रंथ आयुर्वेद का प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है।

एक अन्य पुराण-कथा में उल्लेख है कि एक बार वायुयान से भूलोक पर दृष्टिपात करने पर इंद्र ने मनुष्यों को बड़ी संख्या में रोगग्रस्त पाया। उन्होंने धन्वंतरि को आयुर्वेद का संपूर्ण ज्ञान देने के लिए ज्ञान परंपरा की परिपाटी चलाने का अनुरोध किया। इसके बाद धन्वंतरि ने काशी के राजा दिवोदास के रूप में जन्म लिया और काशीराज कहलाए। अपने पिता विश्वामित्र की आज्ञा पाकर महर्षि सुश्रुत अपने साथ एक सौ ऋषि-पुत्रों को लेकर काशी पहुंचे और वहां सुश्रुत ने ऋषि-पुत्रों के साथ धन्वंतरि से आयुर्वेद की शिक्षा ली। तत्पश्चात इस समूह ने लोक कल्याणार्थ अपनी-अपनी संहिताओं एवं ग्रंथों की रचना की और उनके माध्यम से समस्त भूमंडल के लोगों को निरोगी बनाने की उपचार पद्धतियां विकसित एवं आरंभ कीं। इसी कालखंड में सद्वैद्य वाग्भट्ट ने भी धन्वंतरि से ज्ञान प्राप्त किया और 'अष्टांग हृदय संहिता' की रचना की। सुश्रुत-संहिता तथा अष्टांग हृदय संहिता आयुर्वेद के प्रमाणिक ग्रंथों के रूप में आदि काल से आज तक हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। आयुर्वेद व अन्य उपचार संहिताओं में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक प्राणी का अस्तित्व पंच-तत्वों से निर्मित है और संपूर्ण प्राणी स्वेदज, जरायुज, अण्डज और उदिभ्ज रूपों में विभक्त हैं। इन शास्त्रों में केवल मनुष्य ही नहीं पशुओं, पक्षियों और वृक्षों के उपचार की विधियां भी उल्लेखित हैं। साफ है, भारत में चिकित्सा विज्ञान का इतिहास वैदिक काल में ही चरम पर पहुंच गया था। क्योंकि वनस्पतियों के औषध रूप में उपयोग किए जाने का प्राचीनतम उल्लेख ऋग्वेद में उपलब्ध है। ऋग्वेद की रचना ईसा से लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व हुई मानी जाती है। ऋग्वेद के पश्चात अथर्ववेद लिखा गया, जिसमें भेषजों की उपयोगिताओं के वर्णन हैं। भेषजों के सुनिश्चित गुणों और उपयोगों का उल्लेख कुछ अधिक विस्तार से आयुर्वेद में हुआ है। यही आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा विज्ञान की आधारशिला है। इसे उपवेद भी माना गया है। इसके आठ आध्याय हैं, जिनमें आयुर्विज्ञान और चिकित्सा के विभिन्न पक्षों पर विचार किया गया है। इसका रचनाकाल पाश्चात्य विद्वानों ने ईसा से ढाई से तीन हजार साल पुराना माना है। इसके आठ अध्याय हैं, इसलिए इसे 'अष्टांग-आयुर्वेद' भी कहा गया है। आयुर्वेद की रचना के बाद पुराणों में सुश्रुत और चरक ऋषियों और उनके द्वारा रचित संहिताओं का उल्लेख है। ईसा से करीब डेढ़ हजार साल पहले लिखी गई सुश्रुत-संहिता में शल्य-विज्ञान का विस्तृत विवरण है। इसी काल में चरक संहिता का प्रादुर्भाव माना जाता है। इसमें चिकित्सा विज्ञान विस्तृत रूप में सामने आया है। इसमें रेचक, वामनकारक द्रव्यों और उनके गुणों का वर्णन है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# लक्ष्मी का लोन मायाजाल




**मनीष कुमार चौधरी**
व्यंग्यकार


गरीब को बिल्कुल भी आस नहीं थी कि उसकी पुकार सुनते ही लक्ष्मी मैया उसके दर पर इतनी शीघ्रता से चली आएगी। साक्षात लक्ष्मी को सामने देख गरीब सन्न रह गया। उसके मुंह से बोल नहीं फूटे। गरीब को यूं जड़वत देख लक्ष्मी बोली, 'अब कुछ तो बोल मेरे भक्त! क्यों याद किया मुझे। आज दिवाली की रात है, दम मारने की फुर्सत भी नहीं मेरे पास..। करोड़ों भक्तों की कॉल, इन्क्वायरी आयी पड़ी है। पूंजीपति गोल्ड-सिल्वर के सिक्के, अरबों का बैंक बैलेंस लिए मुझे बार-बार पुकार रहे हैं.. सबकी सुननी पड़ती है। पर गरीबों का दुख भी तो नहीं देखा जाता, सो तेरे पास पहले आयी हूं। फटाफट अपनी डिमांड बता और मुझे फ्री कर..। कितना धन चाहिए?' किसी फटेहाल की पुकार पर लक्ष्मी इतनी जल्दी आती है, इस पहेली में उलझा गरीब सहमते हुए बोला, 'मुझे कुछ नहीं चाहिए। बस थोड़ा-सा तेल और दीया-बाती का इंतजाम कर दो। बगैर इनके तुम्हारी पूजा कैसे करूं। दिवाली पर दीया नहीं जलाया तो पाप का भागी बनूंगा।' लक्ष्मी ठठाकर हंसते हुए बोली, 'अरे तू भी निरा मूर्ख है रे..। दुनिया-जहान के पैसे वालों को छोड़कर तेरे पास आयी हूं। कुछ रुपया-पैसा तो मांगता।

आज की रात तो तू जितना चाहे गोल्ड मांग, सिल्वर मांग, हीरे-जवाहरात मांग..सब दूंगी। मैं आज तक कितनों के पास चली गयी, सबने मेरी यही सोचकर पूजा की है कि मैं उन्हें धन दूंगी। एक तू ही है जो बिना धन मांगे मेरी पूजा करना चाहता है।' 'नहीं मैया, मुझे कुछ नहीं चाहिए। मैंने तुम्हें मन से याद किया और तुम आ गईं, मेरे लिए इतना ही बहुत है। मेरे लिए तो दीया-बाती-तेल की व्यवस्था कर दो बस..।' अपने भक्त की नादानी से लक्ष्मी चकित कम, व्यथित ज्यादा थी। उसे लगा, इस तरह तो यह गरीब आजीवन फटेहाल ही बना रहेगा। इसे धन कमाने के लिए कन्विंस तो करना ही पड़ेगा। लक्ष्मी ने पैंतरा फेंका, 'ऐ मेरे निराले भक्त, ऐसा कर तू लोन ले ले। फिर चुकाता रहना आराम से..। तू मेरा सच्चा भक्त है, तो तुझे जीरो परसेंट इंटरेस्ट रेट पर दे दूंगी। पिछली दिवाली पर मैंने कइयों को अरबों के लोन बांटे थे।' लक्ष्मी का दांव निशाने पर लगा। गरीब ने फटी साड़ी पहने अपनी पत्नी और झोंपड़ी की तरफ देखा तो उसे लक्ष्मी की बात में दम नजर आया, लेकिन लोन लेने के लिए तो कुछ गिरवी रखना पड़ता है न! मेरे पास गिरवी रखने को है ही क्या!' गरीब अब भी अपनी नैतिकता का गुणा-भाग लगा रहा था।

'अरे जाने दे। तेरी सच्ची श्रद्धा और भक्ति को मैं गिरवी समझ रख लूंगी। मन नहीं मान रहा हो तो अपनी झोंपड़ी के कागजात गिरवी रख देना। घर आयी लक्ष्मी को मत ठुकरा। मैं तो समृद्धि की देवी हूं। तुम जैसे लोग श्रद्धा को आड़े लाकर गरीब बने रहते हो तो मेरी प्रतिष्ठा पर आंच आती है। कल ही विष्णु ने मुझे इस बात पर टोका था कि लक्ष्मी तुम अपना काम ठीक से नहीं कर रही हो। गरीब और गरीब हो रहा है तथा अमीर और अमीर हो रहा है।' गरीब अब लक्ष्मी के लोन-मायाजाल में फंस चुका था। उसने हामी भर दी। दो साल बाद उस भले गरीब को पता चला कि जिसे वह लक्ष्मी समझ रहा था वह लक्ष्मी के रूप में किसी बैंक का लोन एजेंट था, जो उसकी मालदार जमीन पर बनी झोंपड़ी को हथियाने आया था।

## नॉलेज कॉर्नर: दुनिया की एकमात्र प्रतिमा, जिसे दो देशों ने मिलकर बनाया

# आजादी का प्रतीक 'स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी'

न्यूयॉर्क के मेनहट्टन इलाके में लिबर्टी आइलैंड पर खड़ी 'स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी' का बेहद शानदार इतिहास है। इससे जुड़े तथ्य काफी रोमांचकारी हैं। 'स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी' का लोकार्पण 28 अक्टूबर 1886 को अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड ने किया था। यह प्रतिमा अमेरिका और फ्रांस की दोस्ती का प्रतीक है। दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति के रूप में पहचान रखने वाली 'स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी' की उम्र 137 साल हो गई है। हालांकि विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति का खिताब 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में अब भारत के पास है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी के बारे में...

### अमेरिका-फ्रांस ने मिलकर बनाया

'स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी' अमेरिका की आजादी का प्रतीक है। प्रतिमा के हाथ में बने नोटबुक में 4 जुलाई 1776 दर्ज है, जो अमेरिका के आजाद होने की गवाही देता है। यह दुनिया की अकेली ऐतिहासिक प्रतिमा है, जिसे दो देशों अमेरिका और फ्रांस ने मिलकर बनाया है। मूर्ति बनाने का काम फ्रांस ने और फाउंडेशन बनाने का काम अमेरिका ने किया। फ्रांसीसी इतिहासकार, कवि और न्यायविद एडौर्ड डी लाबौले ने 1865 में अमेरिका के 100 वीं वर्षगांठ पर इस मूर्ति को देने का प्रस्ताव रखा और फ्रेडरिक अगस्त ने इसे डिजाइन किया। वे शानदार मूर्तिकार थे। फ्रांस के लोगों ने इसके लिए रकम जुटाने में योगदान दिया। साल 1875 में इसका निर्माण फ्रांस में शुरू हुआ। इसे बनाने में करीब नौ साल लगे। जब प्रतिमा तैयार हो गई तो इसे अमेरिका ले जाने का संकट आया तो इसे फिर से अलग-अलग 350 हिस्सों में बांटा गया। 214 बक्सों में भरकर अमेरिका भेजा गया। इसे भेजने के लिए फ्रांस ने युद्धपोत आइसेर का



प्रयोग किया। 17 जून, 1885 को यह प्रतिमा फ्रांस से चलकर अमेरिका पहुंची। इसके निर्माण में 2.50 लाख अमेरिकी डॉलर की लागत आई थी।

### मूर्ति के अंदर सीढ़ियां!

इस मूर्ति के पांवों में पड़ी टूटी हुई बेड़ियां उत्पीड़न और अत्याचार से मुक्ति की प्रतीक हैं। मूर्ति की लंबाई 151 फीट है। बाएं हाथ में मौजूद नोट बुक की लंबाई 23।7 फीट, चौड़ाई, 13।7 फीट है। इस पर अमेरिका की आजादी की तारीख 4 जुलाई, 1776 दर्ज है। मूर्ति के सिर तक पहुंचने को अंदर से सीढ़ियां बनाई गई हैं। 354 सीढ़ी चढ़कर पर्यटक वहां पहुंच सकते हैं। मुकुट में लगे सात किरण सातों महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करते हैं। हर किरण की लंबाई नौ फीट है। प्रतिमा स्थापना के समय इस द्वीप का नाम बेडलो था। 1956 में इस द्वीप का नाम बदलकर लिबर्टी कर दिया गया। इस समय प्रतिमा के लिए 58 एकड़ एरिया तय है।

**225 टन मूर्ति की वजन**


*हाथ में स्थापित मशाल को साल 1986 में 24 कैरेट सोने की चादर से कवर किया गया। मूर्ति का कुल वजन 225 टन है। जमीन से मशाल तक की ऊंचाई 305.6 फीट है। सिर पर बने मुकुट में 35 खिड़कियां हैं। मुकुट तक जाने के लिए 10-10 के समूह में ही जाने की इजाजत मिलती है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
2018 के चुनाव में छत्तीसगढ़ के किसानों से वादा किया था, कर्ज़ माफ़ करेंगे और धान पर ₹2500 MSP देंगे - वो हमने निभाया!



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
#कांग्रेस_की 7 गारंटी हर वर्ग, हर घर, हर ढाणी और परिवार के हर सदस्य को जोड़कर बढ़ने की डोर साबित हो रही हैं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
हमारे अंदर भक्ति तब पैदा होती है जब हम अपने से भी बड़ी किसी चीज़ से गहराई से प्रभावित होते हैं। प्रत्येक मनुष्य में एक बड़ी संभावना का हिस्सा बनना स्वाभाविक लालसा है। संक्षेप में, हम सभी भक्त हैं।




**छत्तीसगढ़ की चुनाव परिक्रमा:** कांग्रेस और भाजपा नेताओं ने चुनाव सभाओं में एक दूसरे को घेरा

# खरगे व अमित शाह के सियासी प्रहारों से गरमाया चुनावी घमासान

■ कांग्रेस प्रत्याशियों का ईडी, सीबीआई व आईटी से मुकाबला

**एजेंसी** | बैकुंठपुर (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण के मतदान से पहले सियासी घमासान तेज हो गए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को चुनाव सभा को संबोधित किया जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के प्रचार अभियान को गति दी। खरगे ने छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के बैकुंठपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी के उम्मीदवार भाजपा के तीन उम्मीदवार ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के दिमाग में है कि उसने हिंदुओं का ठेका लेकर रखा हुआ है, लेकिन क्या हम हिंदू नहीं हैं? मेरा नाम मल्लिकार्जुन है जिसका मतलब शिव होता है।



### अडाणी के लिए लड़ती है BJP

खरगे ने कहा कि कांग्रेस गरीबों के लिए लड़ती है और वह (भाजपा) अदाणी जैसे अमीरों के लिए लड़ते हैं। उन्होंने दावा किया कि वह (मोदी) गरीबों के लिए लड़ने वाले लोगों को सत्ता से दूर रखने के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियां का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर वोटों के लिए समाज को तोड़ने तथा धर्मों को आपस में लड़ाने का भी आरोप लगाया।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने महादेव के नाम पर सट्टा शुरू किया

**जशपुर (छत्तीसगढ़)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चंद्रयान के उतरने वाले स्थान का नाम 'शिव शक्ति' रखकर भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्ति की लेकिन छत्तीसगढ़ की (कांग्रेस) सरकार ने महादेव के नाम पर 'सट्टा' शुरू कर दिया। शाह ने जशपुर जिले के बगीचा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद, पांच वर्ष के भीतर राज्य से नक्सलवाद समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार है, मोदी ने चंद्रयान भेजा चंद्रमा पर, और जहां चंद्र यान उतरा, उस जगह का



नाम 'शिव शक्ति पॉइंट' रख कर उन्होंने भगवान शंकर के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। यहां छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है, उन्होंने क्या किया? महादेव ऐप से जोड़कर सट्टा खोलने का काम किया। उन्होंने राज्य सरकार पर चावल घोटाला और अन्य घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा, यहां का बच्चा बच्चा कह रहा है 'सट्टे पे सट्टा कौन करा रहा, भूपेश कक्का'।" भूपेश बघेल को राज्य में 'कका' कहा जाता है। शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों के कुछ जिले अभी भी नक्सलवाद का दंश भोग रहे हैं। मैं कह रहा हूं आप डबल इंजन की सरकार (केंद्र और राज्य में भाजपा) बनाइए, पांच साल में हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन हुआ। हम आदिवासी भाई-बहनों का उनकी सहमति के बिना धर्म परिवर्तन नहीं होने देंगे और उनकी रक्षा करेंगे।

### सुरजेवाला के खिलाफ जारी वारंट पर रोक



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को राहत प्रदान करते हुए सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के 23 साल पुराने एक आपराधिक मामले में वाराणसी की सांसद/विधायक अदालत द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के अमल पर रोक लगा दी। विशेष न्यायाधीश अवनीश गौतम ने राज्यसभा सदस्य सुरजेवाला के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी कर उन्हें 21 नवंबर को पेश होने का निर्देश दिया था। सुरजेवाला के अधिवक्ता ने तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने सुनवाई को लेकर सहमति जता दी।

### नगालैंड: यूएलबी में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण

**कोहिमा।** नगालैंड विधानसभा ने शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में महिलाओं के लिए 33% सीट आरक्षित करने संबंधी विधेयक गुरुवार को आम सहमति से पारित कर दिया। इसके साथ ही एक विवादास्पद मुद्दे का समाधान हुआ और दो दशक बाद राज्य में नगर निकाय चुनावों का मार्ग प्रशस्त हो गया। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार महिलाओं के लिए यूएलबी में एक तिहाई आरक्षण दिए जाने वाला प्रावधान विधेयक में किया गया है। पहले इस तरह के आरक्षण का विरोध करने वाले शीर्ष आदिवासी निकाय ने भी अब इसे स्वीकार कर लिया है और राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) जल्द ही नगर निकाय चुनावों की तारीखों की घोषणा करेगा। उन्होंने कहा,यह कानून अंत नहीं है, बल्कि सिर्फ एक शुरुआत है।

**मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी,** राहुल व प्रियंका गांधी का धुआंधार चुनाव प्रचार

# कांग्रेस को 100 साल तक सत्ता के लिए तरसाएं: मोदी

**एजेंसी** | छतरपुर (मप्र)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस को देश की प्रगति को रिवर्स गियर में ले जाने के लिए माहिर बताते हुए लोगों से उसे कम से कम 100 साल के लिए सत्ता से 'तरसाने' का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को जहां भी सत्ता मिलती है, वह विनाश ही लाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास एक 'पंजा' (हाथ, पार्टी का चुनाव चिन्ह) है जिसका उपयोग केवल गरीबों से चीजें छीनने के लिए किया जाता है।

हमें कांग्रेस के पंजे से खुद को और मध्य प्रदेश को बचाना है। पीएम मोदी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश के सतना, छतरपुर और नीमच में एक रैली को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने लोगों को कांग्रेस के जाल में न फंसने की चेतावनी देते हुए कहा, जिस तरह रिवर्स गियर में गाड़ी हमें पीछे ले जाती है, उसी तरह कांग्रेस भी रिवर्स गियर में माहिर है और अच्छे शासन को बुरे शासन में बदलने में माहिर है।



### भगवान राम को काल्पनिक चरित्र बताया

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रोकने के लिए भगवान राम को काल्पनिक चरित्र बताया। उन्होंने कहा,कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने का भी विरोध किया था। उसने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का भी विरोध किया था। वह भारतीय भाषाओं में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई का भी विरोध करती है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लिए स्वार्थ सर्वोपरि है, भले ही उसके लिए देश को भुगतान करना पड़े।

### फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाई

पीएम मोदी ने मालवा-निमाड़ क्षेत्र के नीमच जिले में भाजपा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस ने हमेशा देश के लिए समस्याएं पैदा की हैं और उसके पास इनका कोई समाधान नहीं है। उसने 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाकर देश पर शासन किया। उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार में नए रिकॉर्ड बनाने और विपक्षी दल पर उन विदेशी तत्वों के साथ खड़े होने का आरोप लगाया, जो खुलेआम भारत के खिलाफ साजिश रचते हैं। महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपिता इस बात पर जोर देते थे कि शासन में ईमानदारी और नैतिकता शामिल होनी चाहिए तथा उन्होंने देश में "राम राज्य" की परिकल्पना की थी।'लेकिन, एक तरफ कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का किला' बनाया है दूसरी तरफ भगवान राम को एक काल्पनिक चरित्र घोषित कर दिया है।

# आबादी के अनुपात में भागीदारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी

**एजेंसी** | अशोक नगर (एमपी)

जातिगत जनगणना को एक्स-रे रिपोर्ट बताते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि ओबीसी के लोगों, दलितों और आदिवासियों की वास्तविक आबादी के अनुपात में सरकार में उनकी भागीदारी पक्की करने के लिए इस तरह की गिनती जरूरी है।




मध्य प्रदेश में जातिगत जनगणना कराना कांग्रेस के चुनावी वादों में शुमार है। गांधी ने यहां एक चुनावी सभा में कहा,किसी व्यक्ति को जब चोट लगती है, तो हम यह पता लगाने के लिए उसका एक्स-रे कराते हैं कि उसकी हड्डी टूटी है या नहीं। इसी तरह, मैं जातिगत जनगणना को भी एक्स-रे (रिपोर्ट) कहता हूं। ओबीसी के लोगों, दलितों और आदिवासियों को बेरोजगारी और महंगाई के कारण जबर्दस्त कष्ट हो रहा है। जातिगत जनगणना से इन समुदायों की वास्तविक आबादी का पता चल सकेगा। जिसके अनुपात में सरकार में इनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी।

# रामायणकालीन परंपरा 'सत्य की विजय' को मत तोड़िए: प्रियंका

**एजेंसी** | चित्रकूट/रीवा

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए गुरुवार को मतदाताओं को सत्य की विजय और असत्य की पराजय की रामायणकालीन परंपरा याद दिलाई। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश को आरएसएस की प्रयोगशाला कहा जाता है, लेकिन धर्म के नाम



पर वोट देने वाले लोगों को सोचना चाहिए कि उन्हें राज्य में भाजपा के 18 साल के राज में आखिर क्या मिला? सतना जिले के चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा में बड़ी सरकारी कंपनियों के विनिवेश को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर बरसते हुए प्रियंका ने कहा कि मुझे इससे कोई मतलब नहीं है कि कोई अपने आपको मामा और कोई फकीर कहता है। जब आप देश की बड़ी-बड़ी सरकारी कंपनियां कौड़ियों के दाम पर अपने उद्योगपति मित्रों को दे सकते हैं, तो आप भ्रष्ट हैं।

**चर्चित मुकाबला:** जबलपुर पूर्व सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष

# एआईएमआईएम ने कांग्रेस और भाजपा को मुश्किल में डाला

**एजेंसी** | जबलपुर

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जबलपुर जिले की एकमात्र सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है लेकिन एआईएमआईएम ने एक 'मजबूत' उम्मीदवार को यहां के विधानसभा चुनाव में उतारकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। जबलपुर पूर्व विधानसभा सीट पर यूं तो सबसे अधिक मतदाता अनुसूचित जाति से हैं लेकिन अल्पसंख्यक समुदाय निर्णायक भूमिका में है। जिले में सबसे अधिक मुसलमान इसी विधानसभा में हैं। भाजपा ने इस सीट पर पूर्व मंत्री और पांच बार के विधायक अंचल सोनकर को अपना उम्मीदवार बनाया है वहीं कांग्रेस ने पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया पर फिर एक बार भरोसा जताया है। घनघोरिया इस सीट पर दो बार चुनाव जीत चुके हैं और दोनों ही बार उन्होंने सोनकर को पराजित किया है। दोनों के बीच क्षेत्र में लंबे समय से राजनीतिक वर्चस्व को लेकर स्पर्धा भी रही है। जबलपुर पूर्व सीट पर एआईएमआईएम के गजेन्द्र सोनकर ऊर्फ 'गज्जू भैया' ऐसे 'मजबूत' उम्मीदवार के तौर पर देखे जा रहे हैं जो कांग्रेस और भाजपा के दोनों दिग्गजों का खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं।

## एमपी बीमारू से बेमिसाल राज्य बना: सीतारमण

**भोपाल।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि भाजपा नीत सरकार के सुशासन से मध्य प्रदेश एक बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य में बन गया है। मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य में समग्र विकास 5जी यानी वृद्धि, सुशासन, लोगों की सद्भावना, मोदी जी की गारंटी और गरीब कल्याण से मुमकिन हुआ है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा को सभी वर्गों का समर्थन मिलने का विश्वास जताया।

### आप का रोड शो



**दतिया।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान गुरुवार को मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के सिलसिले में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में दतिया में एक रोड शो में शामिल हुए।

**तेलंगाना की चुनावी डायरी**

# कांग्रेस उम्मीदवार श्रीनिवास रेड्डी के ठिकानों पर आयकर छापेमारी

■ रेड्डी ने संवाददाता सम्मेलन में पहले ही दे दिए थे संकेत

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को हैदराबाद और खम्मम में कांग्रेस उम्मीदवार पी श्रीनिवास रेड्डी के कार्यालय और आवासीय परिसरों पर तलाशी ली।

रेड्डी खम्मम जिले की पलैर विधानसभा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। कांग्रेस नेता के समर्थकों ने खम्मम में उनसे जुड़े



ठिकानों पर आयकर विभाग के छापे के विरोध में नारे लगाए। वहीं, रेड्डी ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि आयकर विभाग के सैकड़ों अधिकारियों ने पुलिस की मदद से तड़के 5:05 बजे छापेमारी शुरू की। उन्होंने कहा कि मैं जानता था कि मेरे खिलाफ इस तरह की छापेमारी की जाएगी। यह छापेमारी बीआरएस यानी भाजपा की बी टीम की सलाह पर की जा रही है। रेड्डी ने कहा, मैंने बुधवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी यही बात कही थी। पार्टी कार्यकर्ताओं में डर पैदा करने के लिए जानबूझकर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।'

रेड्डी ने संवाददाता सम्मेलन में संकेत दिया था कि आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय जैसी केंद्रीय एजेंसियां उन्हें निशाना बनाकर छापेमारी कर सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि केंद्रीय एजेंसियों की 'तलाशी' पिछले कई दिनों से कांग्रेस नेताओं पर केंद्रित रही है।

### केसीआर ने दो सीटों से किया नामांकन पत्र दाखिल

भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को गजवेल और कामारेड्डी सीटों से नामांकन पत्र दाखिल किया। कामारेड्डी के मौजूदा विधायक गम्पा गोवर्धन और पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में राव ने कामारेड्डी में रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र जमा किया। इससे पहले, दिन में उन्होंने गजवेल सीट से भी पर्चा दाखिल किया, जिसका वह निवर्तमान विधानसभा में



प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के बेटे के टी रामाराव ने सिरसिला से नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसका वह निवर्तमान विधानसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं, मुख्यमंत्री के भतीजे और राज्य के वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव ने सिद्दीपेट से, जबकि कांग्रेस विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने मधिरा से अपना नामांकन दाखिल किया।

### कामारेड्डी में दिलचस्प मुकाबला संभव

कामारेड्डी में दिलचस्प मुकाबला होने के आसार हैं, क्योंकि कांग्रेस ने सीएम केसीआर को टक्कर देने के लिए अपनी प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी को यहां से मैदान में उतारा है। वहीं, भाजपा के विधायक एटाला राजेंद्र गजवेल में राव को टक्कर देंगे। कांग्रेस ने थुमकुंटा नरसा रेड्डी को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। राजेंद्र पूर्व में बीआरएस में रह चुके हैं।

### केसीआर ने केंद्र सरकार पर हमला बोला

मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना में मेडिकल कॉलेज और नवोदय विद्यालयों जैसे किसी भी शैक्षणिक संस्थान की स्थापना के लिए मंजूरी नहीं देने का आरोप लगाते हुए भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला किया। कामारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए राव ने दावा किया कि राजग सरकार ने कृषि पंप सेट पर मीटर लगाने पर जोर दिया, ताकि बिल तैयार किया जा सके, जिससे किसानों बोझ पड़ेगा, लेकिन, उन्होंने (राव) ऐसा करने से इनकार कर दिया।

## जरूरी खबर

### केजरीवाल की पुनरीक्षण याचिका खारिज



**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की वह याचिका गुरुवार को खारिज कर दी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए केंद्रीय सूचना आयोग के गुजरात विश्वविद्यालय को दिए गए निर्देश को रद्द करने के उसके पहले के आदेश के पुनरीक्षण का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश बीरेन वैष्णव ने आम आदमी पार्टी के नेता पर लगाए गए जुर्माने को भी उचित ठहराया।

### सुधा मूर्ति व किरण समेत 21 रचनाकारों का सम्मान




**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने हिंदी के लिए सूर्यनाथ सिंह तथा अंग्रेजी के लिए इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति समेत 21 भारतीय भाषाओं के रचनाकारों को गुरुवार को बाल साहित्य पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया। किरण बादल को राजस्थानी के लिए सम्मानित किया गया। अकादमी ने एक बयान में बताया कि त्रिवेणी सभागार में आयोजित हुए एक समारोह में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने सुधा मूर्ति को उनकी पुस्तक 'ग्रैंडपैरेंट्स बैग ऑफ स्टोरीज़' के लिए प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया। वह इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सास हैं।

### संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से 22 तक

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा और 22 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस सत्र में 19 दिनों के दौरान 15 बैठकें होंगी। प्रमुख आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए तीन प्रमुख विधेयकों पर सत्र के दौरान विचार किए जाने की संभावना है। गृह मामलों की स्थायी समिति ने हाल ही में तीन विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट को स्वीकारा है। संसद में लंबित एक अन्य प्रमुख विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित है।

## अमेरिका के रक्षा मंत्री ऑस्टिन भारत की यात्रा पर



*नई दिल्ली। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भारत के साथ प्रस्तावित 'टू प्लस टू' वार्ता के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे। वार्ता में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। भारतीय पक्ष का नेतृत्व सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। फोटो में एएफपी ,पालम परिसर में सलामी गारद का निरीक्षण करते ऑस्टिन।*

### जस्टिस मसीह ने ली सुप्रीम कोर्ट के जज पद की शपथ




**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने तीन उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और जस्टिस संदीप मेहता को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में गुरुवार को शपथ दिलाई। तीनों न्यायाधीशों ने सुप्रीम कोर्ट में एक समारोह में अन्य न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और अपने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में शपथ ली। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या पूर्ण यानी 34 हो गई है। इससे पहले गुरुवार दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संदीप मेहता को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।

**रिश्वत लेकर प्रश्न पूछने के मामले में आचार समिति का फैसला**

# मोइत्रा के निष्कासन की अनुशंसा विपक्षी सदस्यों ने बताया गलत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा की आचार समिति ने रिश्वत लेकर प्रश्न पूछने संबंधी आरोपों के मामले में गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को संसद के निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की। लोकसभा सचिवालय के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के मुताबिक, संभवतः यह पहली बार है कि लोकसभा की आचार समिति ने किसी सांसद के निष्कासन की अनुशंसा की है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति की बैठक में आचार समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया गया 479 पृष्ठों वाली इस रिपोर्ट में मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश की गई है। बैठक के बाद सोनकर ने संवाददाताओं से कहा कि समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट को स्वीकार करने का समर्थन किया और चार ने इसका विरोध किया। विरोध करने वाले विपक्षी सांसदों ने समिति की अनुशंसा को 'पूर्वाग्रत से युक्त' और गलत बताया।

### अब आगे क्या

- लोकसभा के पूर्व महासचिव पी डी टी आचारी के अनुसार आचार समिति की रिपोर्ट अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजी जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष इसे प्रकाशित करने का आदेश दे सकते हैं।
- संसद के अगले सत्र के दौरान समिति के अध्यक्ष सदन में रिपोर्ट पेश करेंगे और उसके बाद इस पर चर्चा होगी। इसके बाद सदस्य के निष्कासन के लिए सरकार के प्रस्ताव पर मतदान होगा।

### परनीत ने दिया रिपोर्ट के समर्थन में वोट

सूत्रों के मुताबिक, माना जा रहा है कि कांग्रेस सांसद परनीत कौर ने रिपोर्ट के समर्थन में वोट दिया है। वह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं। अमरिंदर सिंह अब कांग्रेस छोड़ चुके हैं।

### जांच प्रक्रिया दिखावा: विपक्षी सदस्य

सूत्रों ने बताया कि विपक्षी सदस्यों ने अपने असहमति के नोट में यह दावा भी किया कि जांच की यह प्रक्रिया एक दिखावा और 'कंगारू अदालत' की कार्यवाही की तरह है। मोइत्रा के निष्कासन की सिफारिश पूरी तरह से राजनीतिक कारणों से की गई है । एन उत्तम कुमार रेड्डी ,वी वैथिलिंगम, बसपा के दानिश अली, जनता दल (यू) के गिरधारी यादव और माकपा के पी. नटराजन ने असहमति के नोट दिए हैं।

### मोइत्रा ने कहा- लोकतंत्र की मौत

मोइत्रा ने आचार समिति की सिफारिश को खारिज करते हुए इसे 'एक कंगारू अदालत द्वारा पहले से फिक्स मैच' करार दिया और कहा कि यह भारत में 'लोकतंत्र की मौत' है। महुआ मोइत्रा ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, भले ही वे मुझे लोकसभा से निष्कासित कर दें, मैं अगली लोकसभा में बड़े अंतर से जीतकर आऊंगी।

**कतर: भारत हर संभव कानूनी मदद देगा**

## 8 भारतीयों को मौत की सजा के खिलाफ अपील

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कतर की एक अदालत द्वारा पिछले महीने भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा के खिलाफ एक अपील दायर की गई है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा कि दोहा में भारतीय दूतावास को मंगलवार को बंदी भारतीयों से एक बार फिर राजनयिक संपर्क का अवसर प्रदान किया गया था और भारत उन्हें सभी कानूनी और राजनयिक सहायता प्रदान करता रहेगा। कतर की 'कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टेंस' ने 26 अक्टूबर को भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने इस फैसले को अत्यंत स्तब्ध करने वाला बताया और कहा कि मामले में सभी कानूनी विकल्पों पर विचार किया जाएगा।

### आगे के कानूनी कदमों पर विचार

बागची ने कहा, कतर की कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टेंस ने अल दहरा कंपनी के आठ भारतीय कर्मचारियों से जुड़े मामले में 26 अक्टूबर को फैसला सुनाया था। फैसला गोपनीय है और इसे केवल विधिक दल के साथ साझा किया गया है। अब वे आगे के कानूनी कदमों पर विचार कर रहे हैं और एक अपील दाखिल की गई है। हम इस मामले में अधिकारियों के साथ संपर्क में रहेंगे।

### 7 नवंबर को हुआ था राजनयिक संपर्क

कतर में गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों के वकीलों के दल ने अपील दाखिल की है। बागची ने कहा, हमारे दूतावास को सात नवंबर को एक बार फिर बंदियों से राजनयिक संपर्क का अवसर मिला। हम उनके परिवार के सदस्यों के साथ भी संपर्क में हैं और विदेश मंत्री ने इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में उनसे मुलाकात की थी।

**जम्मू: सीमा पर पाक रेंजर्स का युद्ध विराम उल्लंघन**

## गोलीबारी में BSF जवान शहीद

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में बुधवार देर रात अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास पाकिस्तानी रेंजर्स की बिना उकसावे वाली गोलीबारी में बीएसएफ के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सांबा में सीमा चौकियों को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी, जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा पिछले 24 दिनों में संघर्ष-विराम उल्लंघन की तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में बीएसएफ के हेड कांस्टेबल लाल फाम कीमा घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार 50 वर्षीय कीमा मिजोरम के आइजोल के रहने वाले थे।

### यह हुई घटना



बीएसएफ ने एक बयान में कहा, 'आठ-नौ नवंबर 2023 की दरमियानी रात के दौरान, पाकिस्तान रेंजर्स ने रामगढ़ क्षेत्र में बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसका बीएसएफ जवानों ने माकूल जवाब दिया।' जेरडा के ग्रामीण मोहन सिंह भट्टी ने बताया कि गोलाबारी रात करीब 12.20 बजे शुरू हुई, जिसने बाद में व्यापक रूप ले लिया। उसने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी के कारण डर का माहौल व्याप्त है।'

### तस्कर अमृतपाल सिंह के परिसर से 1.34 करोड़ जब्त

**नई दिल्ली।एनआईए ने** पंजाब के मादक पदार्थ तस्कर अमृतपाल सिंह के परिसर से प्राप्त 1.34 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त कर ली है। संघीय एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि तरनतारन निवासी सिंह पर पिछले साल अप्रैल में सीमा शुल्क विभाग द्वारा 700 करोड़ रुपए मूल्य की 102.784 किलोग्राम हेरोइन की जब्ती के बाद दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। हेरोइन की खेप पिछले साल 22 अप्रैल को अफगानिस्तान से अमृतसर पहुंचाई गई थी।

## अयोध्या में हुई योगी मंत्रिमंडल की बैठक



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अयोध्या में अपने मंत्रिमंडल की बैठक की। बैठक से पहले योगी अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ। योगी व उनके मंत्रियों ने बाद में यहां निर्माणाधीन राम मंदिर का भी अवलोकन किया।

**जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मुकदमों का मामला**

# निगरानी के लिए विशेष पीठ गठित करें हाई कोर्ट: SC

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक अहम फैसले के तहत सभी उच्च न्यायालयों को जनप्रतिनिधियों के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की निगरानी के लिए एक विशेष पीठ गठित करने का निर्देश दिया, ताकि उनका शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

इस आदेश का मकसद नेताओं के खिलाफ 5,000 से अधिक आपराधिक मामलों में त्वरित सुनवाई है।शीर्ष अदालत ने विशेष अदालतों से यह भी कहा कि वे दुर्लभ और बाध्यकारी कारणों को छोड़कर ऐसे मामलों की सुनवाई स्थगित न करें। उच्च न्यायालयों, जिला न्यायाधीशों और सांसदों-विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालतों को कई निर्देश जारी करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के खिलाफ दायर आपराधिक मामलों को प्राथमिकता दी जाए। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संसद, विधान सभाओं और विधान परिषदों के सदस्यों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के निपटारे की निगरानी के लिए सांसदों/विधायकों के लिए पुनः नामित अदालतें शीर्षक से स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करेंगे।



### स्वत: संज्ञान लेकर दर्ज मामलों की सुनवाई के लिए भी दिए निर्देश

पीठ ने कहा कि स्वत: संज्ञान लेकर दर्ज किए गए मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली एक विशेष पीठ द्वारा या उनके द्वारा विशेष पीठ में नियुक्त न्यायाधीशों द्वारा की जा सकती है, जो आवश्यक समझे जाने पर नियमित अंतराल पर मामलों को सूचीबद्ध कर सकते हैं। उच्च न्यायालय मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए सभी दिशाओं में ऐसे आवश्यक आदेश जारी कर सकता है। विशेष पीठ अदालत की सहायता के लिए महाधिवक्ता या सरकारी वकील को बुलाने पर विचार कर सकती है।

### त्वरित सुनवाई का मामला हाई कोर्ट पर छोड़ा

पीठ ने कहा कि कई स्थानीय कारकों ने उच्चतम न्यायालय के लिए देश की सभी सुनवाई अदालतों के वास्ते एक समान या मानक दिशा-निर्देश तैयार करना मुश्किल बना दिया है। उसने कहा कि इन कारकों ने त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने का मुद्दा उच्च न्यायालयों पर छोड़ दिया है, क्योंकि उन्हें सुनवाई अदालतों पर अधीक्षण की शक्ति हासिल है।

**बिहार: सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित**

## SC, ST व OBC का 65 फीसदी कोटा किया मंजूर

**एजेंसी** | पटना

बिहार विधानसभा ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अति पिछड़ा वर्गों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण की मौजूदा सीमा 50 फीसदी को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दे दी।

शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में इन वर्गों के आरक्षण को बढ़ाने के प्रस्ताव वाले विधेयकों को विधानसभा ने ध्वनि मत के जरिए सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के अनुसार, एसटी के लिए मौजूदा आरक्षण दोगुना कर किया जाएगा जबकि एससी के लिए इसे 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 फीसदी किया जाएगा। वहीं, ईबीसी के लिए आरक्षण 18 फीसदी से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तो ओबीसी के लिए आरक्षण को 12 फीसदी से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाएगा।

इससे पहले विधानसभा में भाजपा के सदस्यों ने सीएम नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के संबंध में की गई कथित विवादास्पद टिप्पणी सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा किया, जिससे सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि विपक्षी सदस्यों ने आसन के पास आकर हंगामा किया

### 'संगिनी मेट्रो' की मेंबर्स ने गेट टुगेदर कर बांटी दीपोत्सव की खुशियां

# रंगीलो म्हारो ढोलना में जयपुराइट्स ने डांडिया से किया दिवाली का वेलकम

बेधड़क | जयपुर

दीपावली का वेलकम सभी अपने-अपने अंदाज में कर रहे हैं। ऐसे में जब महिलाओं को पर्व से पहले डांडिया खेलने और एक-दूसरे के साथ गेट टू गेदर करने का मौका मिला तो उन्होंने जमकर जश्न मनाया और दिवाली की खुशियां बांटी। ये थीं महिलाओं की संस्था संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की मेंबर्स, जिन्होंने डांडिया थीम बेस प्रोग्राम रंगीलो म्हारो ढोलना आयोजित किया। संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की मेंबर्स की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने बताया कि संगीतमय आयोजन में अध्यक्ष अम्बिका सेठी व सचिव रेखा पाटनी के नेतृत्व में णमोकार महामंत्री के सामूहिक उच्चारण से मंगलाचरण किया गया। संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में राजस्थानी सिंगर बन्नी फेम मिस कोमल कवर अमरावती अतिथि के रूप में शामिल रहीं।



### राजस्थानी गीतों ने भरे रंग

कार्यक्रम में राजस्थानी गाने 'मिसरी सी मीठी बातां थारी, मन है प्रेम को झरनों सा..., इन लहरिए रा नौ सो रुपया रोकड़ा सा....और आप बड़ी होशियार बन्नी...' की मनमोहक प्रस्तुतियों ने रंग भरे। सभी सदस्याओं ने डांडिया की रंग-बिरंगी ड्रेसेस पहनकर 'ढोली थारो ढोल बाजे..., म्हारी तो चुनरिया उड़- उड़ जाए...., आज गरबे की रात है.... बन्नी थारो चांद सरी सो मुखड़ो कोई नजर नहीं लग जाए...' पर डांडिया खनकाए। जैन सोश्यल ग्रुप मैट्रो संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया व पूर्व अध्यक्ष दीपक गोधा ने गेस्ट के रूप में शिरकत की। इस मौके पर मेहमानों का सम्मान भी किया गया।



**इनको किया पुरस्कृत**

कार्यक्रम संयोजक नीतू जैन मुल्तान, पूनम चांदवाड, निशा बड़जात्या व शालू जैन ने अतिथियों के स्वागत के बाद मनोरंजक गेम्स खिलाकर माहौल को खुशनुमा बनाया। कार्यक्रम में मेल ड्रेसअप में सुनीता जैन हल्दैनिया, फीमेल ड्रेसअप में शुभिका जैन, बेस्ट डांसर में निशा गंगवाल को पुरस्कृत किया गया। गेम्स में मोना चांदवाड़ प्रथम तथा सविता जैन दितीय रहीं। लक्की ड्रा में लीनू अजमेरा व शर्मिला जैन और हाऊजी में विजेता सभी सदस्याओं को पुरस्कार दिए गए। प्रोग्राम में पूर्व अध्यक्ष मैना गंगवाल, उपाध्यक्ष नीतू जैन मुल्तान, संयुक्त सचिव नीतू जैन, कोषाध्यक्ष दीपा गोधा सहित मेट्रो संगिनी की कार्यकारिणी और सभी सदस्याओं ने हिस्सा लिया।



### बच्चों के साथ मनाई दिवाली बांटे गिफ्ट, की आतिशबाजी



**बेधड़क. जयपुर।** दीपावली की खुशियां सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ बांटी तो बच्चे उत्साहित नजर आए। बच्चों को फूड पैकेट्स, मिठाई, चॉकलेट्स वितरित की गईं और आतिशबाजी करके मनोरंजन भी किया गया। मान द वैल्यू फाउंडेशन की संरक्षिका मनीषा सिंह ने बताया कि समाज में एक तबका ऐसा भी है जो खुशियों से महरूम रहता है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है, कि हम हमारे आस-पास खुशियां और रोशनी बिखेरें। मनीषा ने बताया कि जगतपुरा के आसपास के बस्तियों रहने वाले महात्मा गांधी सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ दिवाली की खुशियां मनाईं। हर साल स्टेशनरी, बुक्स, बैग सहित आवश्यक अध्ययन की सामग्री समय-समय पर स्कूल में आपसी सहयोग से उपलब्ध कराई जाती है। इस बार दिवाली पर 150 बच्चों को उपहार देने का लक्ष्य रखा है। आयोजन में कशिश लालवानी, अलका गौड़, देवयानी शर्मा, वृंदा राठौर, डॉ. लविश, वंशिका सिंह, यशिका शर्मा, शुभ, नैतिक, अरुण का सहयोग रहा।

### राजभवन में मनाया गया उत्तराखंड का स्थापना दिवस



**बेधड़क. जयपुर।** राजभवन में गुरुवार को उत्तराखंड स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र के राज्यपाल कलराज मिश्र के आमंत्रण पर राजस्थान उत्तराखंड सभा और प्रदेश के अन्य उत्तराखंडी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का दल उत्तराखंड स्थापना दिवस मनाने राजभवन पहुंचा था। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंडी गणेश वंदना से हुआ और समापन उत्तराखंड की संस्कृति की झलक दिखाते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ। सभा के प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावत ने राज्यपाल को उत्तराखंड की शान उत्तराखंडी ब्रह्मकमल टोपी पहनाई, वहीं गढ़वाल सभा, प्रवतीय समाज, उत्तराखंड समाज प्रताप नगर, अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा और राष्ट्रीय उत्तराखंड सभा के पदाधिकारियों ने फ्लॉवर बुके से स्वागत किया। राज्यपाल ने सभी को जहां उत्तराखंड स्थापना दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवास कर रहे सभी उत्तराखंडी देव तुल्य होने के साथ- साथ अपने कर्मठ, सरल स्वभाव के लिए देश दुनिया में जाने जाते हैं।

## City इवेंट्स

### राजा राम की विजय को नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अभिनय से किया जीवंत



**बेधड़क. जयपुर।** बनीपार्क स्थित कैन वर्ड स्कूल में गुरुवार को दिवाली समारोह मनाया गया, जिसमें बच्चों ने खूब उत्साह दिखाया। राजा राम की विजय पर नाट्य व नृत्य प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रधानाचार्य निखिल शर्मा ने सभी बच्चों को रामजी का रूप बताया। प्रीति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में धवल सेठिया ने राम, अनाया जैन ने सीता, नमः सैनी ने लक्ष्मण के किरदार निभाए।

### पद्मश्री लक्ष्मण सिंह का सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** पद्मश्री लक्ष्मण सिंह को मणिपाल यूनिवर्सिटी में सम्मानित किय गया। इस मौके पर प्रो-प्रेसिडेंट कमोडोर (डॉ.) जवाहर एम जांगीर और रजिस्ट्रार डॉ. नीतू भटनागर उपस्थिति रहे। प्रेसिडेंट डॉ. जीके प्रभु ने यह सम्मान दिया। सिंह ने अपनी यात्रा के दौरान कला संकाय के छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की। साथ ही ग्रामीण समुदायों के लिए जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रणालियों के निर्माण के ज्ञान और अनुभव को साझा किया।

### गरीब और अनाथ बच्चों को आज से बांटे जाएंगे मिठाइयां-पटाखे

**बेधड़क, जयपुर।** दीपावली पर मित्राय बी ह्यूमन संगठन शुक्रवार से ऐसी ही सार्थक पहल शुरू करने जा रहे हैं। इसमें आर्थिक स्थिति से कमजोर गरीब बच्चों को मिठाई और पटाखे बांटेंगे। दीपावली के त्योहर तक यह मुहिम जारी रहेगी। संगठन के विनीत शर्मा ने बताया कि शहर में रहने वाले गरीब परिवार के बच्चों के लिए संगठन ने मिठाई बांटने का निर्णय लिया है। संगठन की डॉ.रश्मि शर्मा ने बताया कि शहर में रहने वाले गरीब परिवार के बच्चों के लिए संगठन ने मिठाई बांटने का निर्णय लिया है। डॉ.रश्मि शर्मा ने बताया कि टीम बस्तियों या मोहल्लों में पहुंचकर असहाय बच्चों तक यह सामग्री बांटेंगी, ताकि ऐसे परिवारों के बच्चे भी इस त्योहार को खुशियों के साथ मना सकें। इसमें वह बच्चे जो अनाथ है या जिन पर माता या पिता का साया उठ चुका है उनका विशेष ध्यान रखा जाएगा। संगठन से जुड़े कई प्रशासनिक अधिकारी आईएएस, आईपीएस, आरएएस आरपीएस अधिकारी इस मुहिम में सक्रिय सदस्य हैं जो ऐसे बच्चों की सहायता के लिए आगे आकर अपने हाथों से असहाय तक मदद पहुंचाएंगे। मित्राय से जुड़े सदस्य पहले से ही करीब 100 बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। इन्हें निजी विद्यालयों में पढ़ाने का जिम्मा इस संगठन ने लिया हुआ हैं।

### मानव सेवा ट्रस्ट ने लगाए कैंप

## दान उत्सव से वालंटियर्स रोशन करेंगे जरूतमंदों की दीपावली



बेधड़क | जयपुर

जयपुर में दान उत्सव मनाया तो हर किसी ने उसे मोटिवेट किया। मौका था मानव सेवा ट्रस्ट की ओर दीपावली पर दान उत्सव अभियान चलाने का, जिसमें एक हजार से अधिक वालंटियर्स ने घर-घर, अपार्टमेंट्स व मॉल्स में दान उत्सव के लिए कैम्पों का आयोजन किया। इस दौरान लोगों ने बढ़-चढ़कर कैम्पों से जरुरतमंदों के लिए कपड़े, स्टेशनरी, जूते-चप्पल, कॉपी-किताबें, बर्तन, कंप्यूटर, साइकिलें, बैग, राशन-सामग्री, फर्नीचर, मिठाई आदि का सहयोग किया।

लोगों ने ऐसी वस्तुओं को दान किया जो पुरानी हो गई है या उनके अब काम नहीं आती है। इन वस्तुओं को जरुरतमंदों, बेघर, बेसहारा, सड़कों पर रहने वाले, आस-पास के गांवों के जरुरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा। प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि दान उत्सव अभियान 6 वर्षों से चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक लाखों जरूरतमंद लाभान्वित हो चुके हैं। साथ ही वस्त्र बैंक का संचालन भी किया जा रहा है, जिसमें लोगों द्वारा कपड़े दान किए जाते हैं। समन्यवक कौशल सत्यार्थी ने बताया, कि वितरण के लिए वालंटियर्स की टीमें हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंदों को ये वस्तुएं पहुंचाती हैं। इन टीमों में दुर्गा वर्मा, संगीता सक्सेना, भास्कर, अंजू वर्मा, दिनेश आलोरिया, नितेश, मनीष, सुमन देवी, जागृत सोनी, शिखर अग्रवाल आदि शामिल हैं।

### 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में हुए संपन्न

## राजस्थान बीच हैंडबॉल टीम ने राष्ट्रीय खेलों में जीता रजत पदक



बेधड़क | जयपुर

गोवा में हुए 37वें राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान की पुरुष बीच हैंडबॉल टीम ने रजत पदक जीता। खिताबी मुकाबले में सर्विसेज ने राजस्थान को 2-0 से हराया। वही इंडोर हैंडबॉल में कांस्य पदक के मुकाबले में राजस्थान कि पुरुष व महिला टीम को हार का सामना करना पड़ा। पुरुष टीम जहां छत्तीसगढ़ से हारी, वहीं महिला टीम को दिल्ली ने हराया। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि बीच हैंडबॉल के मुकाबलों में राजस्थान ने पूल मैचेज में आंध्रप्रदेश को 2-0 से व मेजबान गोवा को 2-0 से हराया, जबकि सर्विसेज के हाथों राजस्थान को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को 2-0 से हराया। खिताबी मुकाबले में सर्विसेज ने राजस्थान को 2-0 से हराया। इसमें सर्विसेज ने स्वर्ण, राजस्थान ने रजत व उत्तर प्रदेश ने तेलंगाना को हराकर कांस्य पदक जीता।

साउथ एशियन हैंडबॉल महासंघ महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडे ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि गोवा के मनोहर परिकर इंडोर स्टेडियम में हैंडबॉल स्पर्द्धा तथा बीच हैंडबॉल स्पर्द्धा मीरामार बीच पर हुई। इससे पहले राष्ट्रीय खेलों की हैंडबॉल स्पर्द्धा के लिए राजस्थान की पुरुष व महिला व बीच पुरुष टीम ने क्वालीफाई किया था।

**रिफ पैनोरमा** | **पहली सूची में 25 फिल्मों को मिली जगह**

# ऑस्कर में भारत की प्रविष्टि '2018' की होगी स्क्रीनिंग

बेधड़क | जयपुर

शहर और प्रदेशवासी एक बार फिर इंटरनेशनल फिल्मों की स्क्रीनिंग के साक्षी बनेंगे और कई मैसेज देने वाली फिल्में उनको देखने को मिलेंगी। यह अपोर्चुनिटी उनको रिफ फिल्म क्लब की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के 10वें सीजन में मिलेगी, जो 27 से 31 जनवरी तक जेम सिनेमा में होगा। इसके लिए फिल्मों की पहली सूची जारी की गई तो जयपुराइट्स उत्साहित नजर आए। फेस्टिवल संस्थापक और फेस्टिवल डाइरेक्टर सोमेन्द्र हर्ष ने बताया कि सूची में कुल 25 फिल्मों को आधिकारिक तौर पर रिफ पैनोरमा में चुना गया, जिसमें 8 फिल्मों को फीचर फिल्म श्रेणी में और नॉन-फीचर फिल्म श्रेणी में 17 फिल्मों का चयन हुआ।







### पहली सूची में ये हैं फीचर फिल्में

फीचर फिल्म श्रेणी में बडिगर देवेन्द्र निर्देशित कन्नड़ फिल्म आईएन, सिद्दू पूर्णचंद्र निर्देशित कन्नड़ फिल्म थारिणी, शिलादित्य बोरा निर्देशित हिंदी फिल्म अब तो सब भगवान भरोसे, दिनेश राजपुरोहित निर्देशित राजस्थानी फिल्म वीरा, जूड एंथनी जोसेफ निर्देशित मलयालम फिल्म 2018: एवरीवन इज ए हीरो, अरविंद प्रताप निर्देशित इंटरनेशनल फिल्म मरियम, ललित बैंकुपल्ली निर्देशित तेलुगु फिल्म इंको कॉफी और निपोन ढोलुआ निर्देशित हिंदी फिल्म मुझे स्कूल नहीं जाना शामिल है।

### नॉन फीचर श्रेणी में ये मूवीज

प्रत्यय साहा और मानसी दधीच माहुर निर्देशित हिंदी शार्ट फिल्म कान्हाजी, रेयान ग्रीम एलन निर्देशित इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेदरफुट, केतकी पांडे निर्देशित हिंदी द लास्ट मील, जेम्स हिगिन्सन निर्देशित इंटरनेशनल शुद्धि, अरिंदम चटर्जी निर्देशित हिंदी और अंग्रेजी स्मृति, मार्सेल होबी निर्देशित इंटरनेशनल एनीमेशन फिल्म लव बबल्स, पवित्रा वर्मा द्वारा हिंदी-संस्कृत इप्सा, नरेन सिंह नायक निर्देशित अंग्रेजी द रिलैप्स, शिवम सिंह राजपूत निर्देशित नेशनल डॉक्यूमेंट्री लद्दाख 470 सहित अन्य मूवीज शामिल की गई हैं।

**अवॉर्ड नाइट में देंगे सम्मान**

रिफ 27-31 जनवरी तक जेम सिनेमा में होगा और रिफ अवॉर्ड नाइट का आयोजन 31 जनवरी को किया जाएगा। फेस्टिवल में शॉर्ट, डाक्यूमेंट्री, एनीमेशन, फीचर, रीजनल, राजस्थानी फिल्म व म्यूजिक एल्बम, फेस्टिवल की वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू डॉट रिफ जयपुर डॉट ओआरजी पर 30 नवंबर तक सबमिट की जा सकती है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क


सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 10 नवंबर, 2023



जिस धागे की गांठें खुल सकती है, उस धागे पर कैंची नहीं चलानी चाहिए।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक, उनकी पत्नी अक्षता ने जलाए दीये





**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास) पर एक विशेष समारोह में दिवाली के दीपक जलाए। इस समारोह में कई भारतीय प्रवासी, सांसद, उद्यमी और बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं। सुनक के ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के एक साल पूरे करने के मौके पर 10 डाउनिंग स्ट्रीट को फूलों और मोमबत्तियों से सजाया गया। दिवाली मनाते समय सुनक ने उस 'शानदार पल' को याद किया, जब वह भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। सुनक ने कहा कि दिवाली हम सभी के लिए और हमारे परिवारों के लिए एक शानदार पर्व है, लेकिन मेरे लिए यह पिछले साल इस अवधि में प्रधानमंत्री बनने की अद्भुत यादों को भी ताजा कर देता है।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मनाई दिवाली



**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने आधिकारिक आवास पर दिवाली मनाई और इस दौरान उन्होंने मेहमानों से कहा कि प्रकाश के इस त्योहार को मनाना महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया आज इजराइल और हमास के बीच युद्ध के चलते 'कठिन और अंधकार के दौर' से गुजर रही है। भारतीय मूल की हैरिस (59) ने उनके भारतीय-अमेरिकी मेहमानों को संबोधित करते हुए कहा कि हम दिवाली ऐसे समय में मना रहे हैं जब दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है। ऐसे में इस पर्व के महत्व को समझना भी जरूरी है। दिवाली का पर्व प्रकाश और अंधेरे के बीच अंतर को समझाता है। उन्होंने कहा कि इजराइल और गाजा से आ रही खबरों को देखकर साफ है कि हम एक कठिन और अंधकार के दौर से गुजर रहे हैं। राष्ट्रपति बाइडेन और मैं इजराइल के आत्म-रक्षा के अधिकार का समर्थन कर रहे हैं। हम गाजा में लोगों को मिलने वाली मानवीय सहायता का भी समर्थन करते हैं। हमारा मानना है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम फलस्तीन और हमास के बीच के अंतर को समझें। हमारी प्राथमिकता अमेरिकी बंधकों को रिहा कराकर वापस लाने और उस क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने की है।

### चरमपंथी समूह पर बमबारी

# US ने सीरिया पर किया हवाई हमला

**एजेंसी** | वाशिंगटन



पूर्वी सीरिया में पिछले कई हफ्तों से अमेरिकी सैनिकों के अड्डों पर किए जा रहे हमलों के जवाब में अमेरिका ने इसी क्षेत्र में ईरान समर्थित मिलीशिया से जुड़े चरमपंथियों के ठिकाने पर हवाई हमला किया। पेंटागन ने यह जानकारी दी। दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों एफ-15 ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े हथियार भंडारण वाली जगह को निशाना बनाया।

अमेरिका के रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के लिए अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ नहीं है और उन्होंने आज की कार्रवाई से स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका अपनी, अपने कर्मियों और अपने हितों की रक्षा के लिए कितना सजग है। दो सप्ताह में कम से कम यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने चरमपंथी समूहों के ठिकानों पर बमबारी की है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि 17 अक्टूबर से अब तक कम से कम 40 ऐसे हमले किए गए हैं। इनमें से कई ठिकाने ऐसे थे जो कि इराक के संरक्षण में चल रहे थे। अमेरिका ने अपने हालिया हमले की योजना को इस तरह अंजाम दिया, जिससे सीरिया में मौजूद ईरानी समर्थित चरमपंथियों की कमर तोड़ी जा सके। इसीलिए उनके हथियार और गोला-बारूद को नष्ट करने के उद्देश्य से निशाना साधा गया।

### समर्थन और कोई सहायता नहीं करने का किया फैसला

# पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से बनाई दूरी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद



पाकिस्तान ने एक बड़े नीतिगत बदलाव के तहत, प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकवादी समूह को निष्क्रिय करने में काबुल की विफलता के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अफगान तालिबान के मामले का समर्थन नहीं करने या कोई अन्य सहायता नहीं देने का फैसला किया है। पाकिस्तान अब अंतरिम अफगान तालिबान सरकार को कोई 'विशेष रियायत' नहीं देगा, जो दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों में गिरावट का संकेत देता है।

टीटीपी की स्थापना 2007 में कई चरमपंथी संगठनों के एक छत्र समूह के रूप में की गई थी। टीटीपी का अफगान तालिबान के साथ वैचारिक संबंध है और इसे पाकिस्तान तालिबान के नाम से भी जाना जाता है।

इसका मुख्य उद्देश्य पूरे पाकिस्तान में इस्लाम के सख्त नियम को लागू करना है। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि सत्ता में आने के बाद अफगान तालिबान टीटीपी सदस्यों को देश से बाहर निकाल कर पाकिस्तान के खिलाफ अपनी धरती का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देगा, लेकिन उन्होंने पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद ऐसा करने से इनकार कर दिया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने कहा कि पाकिस्तान की नीति में स्पष्ट बदलाव का तात्कालिक निहितार्थ यह है कि अफगान तालिबान सरकार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने की संभावना पहले से और कम हो गई है। अगस्त 2021 में सत्ता में आने के बाद अफगान तालिबान सरकार को दी गई पाकिस्तानी सहायता और सद्भावना को हल्के में लिया गया।

### फ्रांस के राष्ट्रपति ने किया गाजा सहायता सम्मेलन का उद्घाटन

# सभी के जीवन का मूल्य है समान: मैक्रों

**एजेंसी** | पेरिस



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने गुरुवार को इजराइल से नागरिकों की रक्षा की अपील करते हुए गाजा सहायता सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि सभी के जीवन का मूल्य समान है।

पेरिस में आयोजित सम्मेलन में पश्चिमी देशों और अरब देशों के साथ ही संयुक्त राष्ट्र और अंतर-सरकारी संगठनों के अधिकारी भाग ले रहे हैं। मैक्रों प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि सम्मेलन में इजराइल के अधिकारी भाग नहीं ले रहे।

मैक्रों ने कहा कि बिना नियमों के आतंकवाद से लड़ाई कभी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि नागरिकों की रक्षा की जानी चाहिए। यह अत्यंत आवश्यक है। इस पर कोई समझौता नहीं हो सकता। मैक्रों ने कहा कि हम सभी के लिए आतंकवाद का जाल एक समान है, हिंसा में झोंकना और हमारे मूल्यों को छोड़ देना। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन का मूल्य समान है और उन लोगों के लिए दोहरे मानदंड नहीं चल सकते जो सार्वभौमिक और मानवतावादी मूल्यों के साथ हैं।

## पाक: 80 भारतीय मछुआरे रिहा

**कराची।** पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को यहां मालिर जेल से 80 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। अवैध विदेशी प्रवासियों और नागरिकों को देश से निकालने के लिए पाकिस्तानी सरकार के मौजूदा अभियान के तहत भारतीय मछुआरों को रिहा किया गया है। उन्हें वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

### स्कूल, बाजार और पार्क को बंद करने के आदेश किए जारी

# दिल्ली से लाहौर तक जहरीले धुएं की चादर

**एजेंसी** | लाहौर



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ही तरह पड़ोसी देश पाकिस्तान के भी कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। पाकिस्तान में अधिकारियों ने धुंध से घिरे लाहौर शहर में स्कूल, बाजार और पार्क को बंद करने के आदेश दे दिए हैं।


पाकिस्तान की सांस्कृतिक राजधानी लाहौर के ऊपर जहरीले धुएं की चादर ने हजारों लोगों को बीमार कर दिया है। इस वजह से प्रशासन ने चार दिनों के लिए स्कूल, बाजार और पार्क बंद कर दिए हैं। देश के दूसरे सबसे बड़े शहर के दुनिया के सबसे प्रदूषित नगरों में से एक बने रहने के बाद यह फैसला किया गया है। डॉक्टरों ने लोगों को मास्क लगाने और घरों में ही रहने की सलाह दी है। लोगों ने खांसी और सांस लेने में परेशानी जैसी शिकायतें की हैं।

### पानी में ज्वालामुखी विस्फोट

# अचानक प्रकट हुआ एक और द्वीप

**एजेंसी** | टोक्यो

प्रशांत महासागर क्षेत्र में 30 अक्टूबर को पानी के भीतर हुए ज्वालामुखी विस्फोट ने एक नए द्वीप को जन्म दिया है। विस्फोट के बाद जापान के इवो जीमा द्वीप के तट पर चट्टान के विशाल टुकड़े देखे गए। इस पर जापानी शोधकर्ता ने बताया कि पिछले महीने पानी के नीचे हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद टोक्यो से करीब 1,200 किलोमीटर दक्षिण में इवोटो द्वीप के पास एक छोटा सा नया द्वीप उभरा है। टोक्यो विश्वविद्यालय के भूकंप अनुसंधान संस्थान में प्रोफेसर फुकाशी मेनो ने बताया है कि प्रशांत क्षेत्र में इवोटो द्वीप से 1 किमी दूर 100 मीटर व्यास वाले एक चट्टानी द्वीप पर फ्रीटोमैग्मैटिक विस्फोट हुआ।



### कब-कब हुए थे धमाके

इवोटो द्वीप ओगासावारा द्वीप समूह का हिस्सा है। जापानी मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार इस क्षेत्र में पहले जुलाई और दिसंबर 2022 और फिर इस साल जून में भी विस्फोट हुए। एजेंसी का मानना है कि हालिया ज्वालामुखी विस्फोट 21 अक्टूबर को शुरू हुए, जिनके नतीजे में 30 अक्टूबर को ये छोटा सा नया द्वीप पैदा हुआ है।

### द्वीप के आकार में हो सकती है बढ़ोतरी

प्रोफेसर फुकाशी मेनो ने कहा कि विस्फोट से कम से कम दो स्थानों पर समुद्र की सतह टूट गई। विस्फोट इवो जीमा के दक्षिणी सिरे पर हुए, लेकिन विस्फोट स्थल के उत्तर में भी चट्टानें जमा हो गईं, जिससे 330 फीट चौड़ा एक गोल और ऊबड़-खाबड़ द्वीप बन गया। इस नए द्वीप के आसपास के पानी का रंग बदल गया। ये झांवा नाम की चट्टानों से अटा पड़ा है, जो ज्वालामुखी विस्फोट के दौरान बनती हैं। ये विस्फोट जमीन के अंदर एक जादुई गतिविधि को दर्शाता है। अगर से विस्फोट जारी रहे तो नए द्वीप के बड़ा होने की उम्मीद है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl